WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2| छत्तीसगढ़ 4| अभिव्यक्ति 8| छत्तीसगढ़ 11| खेल/बिजनेस

रायपुर, शनिवार, 6 सितंबर 2025 शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 201 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

जंगलों में छिपे नक्सलियों के बीच हाहाकार मचने की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान को और तेज करने के लिए शुक्रवार को रायपुर में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंटेलिजेंस ब्यूरो, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ पुलिस के आला अफसरों ने हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार, नक्सलियों पर अब फाइनल स्ट्राइक की तैयारी की जा रही है, जिससे जंगलों में छिपे नक्सलियों के बीच हाहाकार मचने की संभावना है।

नया रायपुर के एक रिसोर्ट में आयोजित इस बैठक में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना के पुलिस अधिकारियों ने नक्सल विरोधी अभियानों में अंतर-राज्यीय समन्वय (इंटर-स्टेट कोऑर्डिनेशन) पर चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य खुफिया जानकारी का बेहतर आदान-प्रदान सुनिश्चित करना था, ताकि एक राज्य से भागकर दूसरे राज्य में छिपने वाले नक्सलियों को आसानी से पकड़ा जा सके और उन्हें निष्प्रभावी किया जा सके।

नक्सलियों पर अब फाइनल स्ट्राइक की तैयारी

हाल के नक्सली ऑपरेशनों की समीक्षा

बैठक में छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों में हाल ही में हुए नक्सली ऑपरेशनों की समीक्षा की गई। ग्रामीण इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्सेस द्वारा आयोजित स्वास्थ्य और शिक्षा शिविरों पर भी चर्चा हुई, जिनका उद्देश्य स्थानीय लोगों में सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास बढ़ाना है। इसके साथ ही, नक्सली घटनाओं के बढ़ते मामलों और उनके कारणों का विश्लेषण किया गया।

31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने का लक्ष्य

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में ही 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा की थी। इस बैठक में इस लक्ष्य की दिशा में अब तक की प्रगति का जायजा लिया गया। केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने नक्सल विरोधी अभियानों की वर्तमान स्थिति पर अपडेट लिया, जिसकी रिपोर्ट अब केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी।

ऑपरेशन को बनाया जाएगा इंटेलिजेंस बेस

अधिकारियों के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जाने वाले ऑपरेशनों को पूरी तरह इंटेलिजेंस बेस्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। आईबी की खुफिया रिपोट्र्स के आधार पर फोर्स को मूव किया जाएगा, ताकि जंगलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में छिपे नक्सलियों पर प्रभावी कार्रवाई हो सके। इसके अलावा, नक्सल प्रभावित राज्यों के बीच बेहतर समन्वय और समय पर सूचनाओं के आदान-प्रदान की प्रणाली विकसित करने पर भी गहन चर्चा हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि यदि यह तंत्र मजबूत हो जाए, तो नक्सली किसी भी क्षेत्र में सुरक्षित ठिकाना नहीं बना पाएंगे।

आज बेबाक

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की चीन में जैसी बेइज्जती खराब हुई है उनकी जगह कोई गैरतमंद शख्स होता तो चुल्लू भर पानी में डूब मरता। मानना पड़ेगा शाहबाज की शराफत को जो अपमान का कड़वा घूंट पीकर भी बूत बने खड़े रहे। विश्व के नेताओं ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। दरअसल इसकी वजह यह थी कि सभी राष्ट्राध्यक्ष डर रहे थे कि कहीं शाहबाज शरीफ उनके सामने भीख का कटोरा कर खैरात मांगने के लिए यह न गाने लगे कि - इंटरनेशनल फकीर आए हैं, दे दाता के नाम तुझको अल्लाह रखे, रुपया नहीं तो डालर चलेगा, कमीज नहीं तो कालर चलेगा...।

नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर मुठभेड़, एक माओवादी का शव बरामद

नारायणपुर/दंतेवाड़ा (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक माओवादी का शव बरामद किया गया है। यह कार्रवाई नारायणपुर जिला रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) के जवानों द्वारा की गई, जिन्होंने तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से शव बरामद किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (दंतेवाड़ा) ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया, 'ऑपरेशन के दौरान जवानों ने इलाके में मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान चलाया, जिसमें एक माओवादी का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है और जांच जारी है।

छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल का विस्तार: कांग्रेस की याचिका उच्च न्यायालय में स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार के हाल ही में किए मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने इस संबंध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिका पर सोमवार या मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। कांग्रेस ने इसे संविधान का उल्लंघन बताते हुए विरोध दर्ज कराया था। कांग्रेस का कहना है कि अदालत का फैसला उनके पक्ष में आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अपने एक मंत्री को मंत्रिमंडल से हटाना होगा। राजभवन रायपुर में 20 अगस्त को आयोजित समारोह में राज्यपाल रामेन डेका ने गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद साय मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी थी।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 694.23 बिलियन डॉलर हुआ

मुंबई (आईएएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 बिलियन डॉलर बढ़कर 694.23 बिलियन डॉलर हो गया है। विदेशी मुद्रा भंडार के एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां का मूल्य सप्ताह के दौरान 1.69 बिलियन डॉलर बढ़कर 583.94 बिलियन डॉलर हो गया है। विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव डॉलर के रूप में शामिल होता है।

टैरिफ वॉर के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान

भारत-रूस को हमने खो दिया

■ डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी, पुतिन और जिनपिंग की तस्वीर पोस्ट की

नई दिल्ली(वार्ता)। भारत के खिलाफ अमेरिका में ऊंचे आयात शुल्क को लेकर द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आशंका जतायी है कि उनके देश के साथ भारत की दूरियां बढ़ गयीं हैं और वह संभवतः चीन के साथ जुड़ रहा है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक संक्षिप्त पोस्ट में लिखा ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को अति रहस्यमयी और अति खतरनाक चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य दीर्घ और समृद्ध हो। इस कथन के साथ उन्होंने हाल ही में तियांजिन में संपन्न हुयी शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन और चीनी प्रमुख शी जिनपिंग की एक फोटो टैग की है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के सामान पर अमेरिका में 25 प्रतिशत की दर से ऊंचा शुल्क लगाने के साथ ही रूस का तेल खरीदने के लिए अमेरिका के आपातकाल के कानूनों के तहत शुल्क को दोगुना कर दिया है। श्री ट्रम्प ने गुरुवार को नाटो के नेताओं के साथ बातचीत में उनसे रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रम्प बोले- यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए भारत पर टैरिफ लगाया

ट्रम्प ने इससे पहले 4 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में एक अपील दायर की थी। इसमें उन्होंने निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि ट्रम्प विदेशी सामान पर भारी टैरिफ नहीं लगा सकते। ट्रम्प ने कहा था कि भारत पर लगाए गए टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए टैरिफ लगाया गया, ताकि युद्ध खत्म करने में मदद मिले। ट्रम्प ने कहा कि निचली अदालत का फैसला उनकी पिछले 5 महीनों की व्यापारिक बातचीत को मुश्किल में डाल सकता है। इससे यूरोपीय यूनियन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ हुए समझौते खतरे में पड़ सकते हैं। वहीं, छोटे कारोबारियों के वकील जेफ्री श्वाब ने कहा कि ट्रम्प के ये टैरिफ छोटे व्यवसायों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वे जल्दी फैसले की उम्मीद कर रहे हैं।

ट्रंप के करीबी नवारो के बयान गलत और भ्रामक : विदेश मंत्रालय

भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और व्यापार सलाहकार पीटर नवारो के हालिया बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। साथ ही ब्लूमबर्ग की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुप्त पत्र भेजने वाली रिपोर्ट को गलत बताया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया में हो रहे प्रदर्शन पर भी विदेश मंत्रालय ने अपनी बात कही।

जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

सीमा विवाद सुलझाने और व्यापारिक रिश्ते होंगे मजबूत

द्विपक्षीय बैठक में दोनों नेताओं ने प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि मित्र बनने, सीमा विवाद सुलझाने और व्यापारिक रिश्ते मजबूत करने पर सहमति जताई। बातचीत के बाद जिनपिंग ने कहा कि भारत और चीन का दोस्त और अच्छे पड़ोसी बनना और ड्रैगन (चीन) हाथी (भारत) का साथ आना बेहद जरूरी है। ये बयान रिश्तों में नरमी का साफ संकेत माना जा रहा है।

टैरिफ नहीं जीएसटी में बदलाव, डेढ़ साल से काम कर रहे : सीतारमण

■ जीएसटी रेट में कटौती 22 से होंगे लागू

नई दिल्ली/ ए.। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी की दरों में कमी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर हैवी ट्रैफिक लगाने की वजह से नहीं किए गए हैं। इस पर डेढ़ साल से काम हो रहा था। आजतक के साथ विशेष इंटरव्यू में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी में कमी करने से पहले एक एक आइटम पर चर्चा की गई और ये काम एक दिन में नहीं हो सकता था। वित्त मंत्री से जब पूछा गया कि ऐसे वक्त में जब जुलाई में महंगाई सबसे न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुकी है तो अभी जीएसटी में कमी जरूरत क्यों पड़ी? इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार हमेशा कदम उठाती रहती है। कई बार सप्लाई संबंधी दिक्कतों की वजह से मुद्रा स्फीति काबू में नहीं रहती है। ये ऊपर नीचे

300 से ज्यादा चीजों पर रेट कम किया

वित्त मंत्री ने जीएसटी रेट कट पर चल रही प्रक्रिया को समझाते हुए कहा कि जीएसटी रेट में कमी करने के लिए डेढ़ साल से काम हो रहा था। ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स 18 महीने पहले बनाया गया था। तब कर्नाटक के पूर्व मंत्री जीओएम के चेयरमैन थे। लेकिन कर्नाटक में सरकार बदल गई। इसके बाद बिहार के डिप्टी चीफ मिनिस्टर को इसमें लाया गया। ये सब लगातार चल रहा है। हमने 300 से ज्यादा चीजों पर रेट कम किया है। इसका निर्णय एक दिन में नहीं किया जा सकता था।

जीएसटी काउंसिल की बैठक: जीएसटी सुधार व्यापार जगत के लिए लाभकारी : ओपी चौधरी

रायपुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया। इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने बताया कि बैठक में जीएसटी प्रणाली में सुधार से जुड़े अनेक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सुधार आम नागरिकों को सहूलियत देंगे। व्यापार जगत को गति प्रदान करेंगे

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत की आत्मनिर्भर यात्रा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 महत्वपूर्ण : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के महत्व पर एक लेख साझा किया और कहा कि यह भारत की आत्मनिर्भरता और विकास की यात्रा का मुख्य स्तंभ है। यह लेख केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा है, जिसमें उन्होंने बदलती दुनिया में शिक्षकों की भूमिका और उनकी जिम्मेदारी पर विस्तृत विचार रखे हैं। प्रधानमंत्री ने धर्मेंद्र प्रधान का लेख 'द टीचर इन अ चेंजिंग वल्र्डÓ साझा करते हुए लिखा कि इसमें एनईपी 2020 की अहमियत बताई गई है और यह भी समझाया गया है कि कैसे आज के शिक्षक डिजिटल क्लासरूम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), बदलते पाठ्यक्रम और विविध शिक्षण आवश्यकताओं को तेजी से अपना रहे हैं। इसके लिए पीएम ई-विद्या, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्म उनकी मदद कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने अपने लेख में लिखा कि एनईपी 2020 भारत की आत्मनिर्भरता- (आ त्म नि र्भ र ता मिशन 2047) की मुख्य कड़ी है और इसे एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय प्रयास माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति में शिक्षकों को सुधारक बताया गया है, जो आने वाली पीढिय़ों को जिम्मेदार, कुशल और संतुलित नागरिक बनाएंगे।

भारत ने यूक्रेन में शांति बहाली के प्रयासों का किया समर्थन

नई दिल्ली (आईएएनएस)। यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के अपने रुख को दोहराते हुए भारत ने शुक्रवार को क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के हालिया प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि सभी संबंधित पक्ष रचनात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, हम यूक्रेन में शांति स्थापित करने की दिशा में हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें आशा है कि सभी पक्ष रचनात्मक ढंग से आगे बढ़ेंगे। भारत संघर्ष के शीघ्र अंत और स्थायी शांति की स्थापना का समर्थन करता है।

धनबाद में भू-धंसान के दो बड़े हादसे छह मजदूरों की मौत की आशंका

धनबाद (आईएएनएस)। धनबाद के कतरास में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के खदान क्षेत्र में शुक्रवार को जमीन धंसने के कारण दो बड़े हादसे हुए हैं। पहली घटना 4 नंबर खदान एरिया की है, जहां आउटसोर्सिंग के आधार पर खनन करने वाली मां अम्बे कंपनी की एक सर्विस वैन भू-धंसान के कारण करीब 100 फीट गहरी पानी से भरी खाई में जा गिरी। वैन में सवार सभी छह मजदूरों के मारे जाने की आशंका है। घटना के आठ घंटे बाद भी इनमें से किसी का पता नहीं चल पाया है। भू-धंसान की दूसरी घटना रामकनाली ओपी के बट्टू बाबू बंगला के पास हुई, जहां करीब आधे दर्जन घर जमींदोज हो गये। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं करीब एक दर्जन मवेशी भू-धंसान में बने गोफ (खाई) के अंदर समा गये। धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने कहा, 'आउटसोर्सिंग कंपनी की साइट पर हादसे के बाद की जो परिस्थितियां हैं, उससे साफ है कि वैन पर सवार सभी छह मजदूरों में शायद कोई

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

मिशन आंतरिक्ष अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने बच्चों के साथ साझा किए अनुभव, मुख्यमंत्री का जताया आभार

सीएम साय ने मिशन अंतरिक्ष-प्रोजेक्ट जय विज्ञान का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री निवास परिसर से स्कूली बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता के लिए मिशन अंतरिक्ष और प्रोजेक्ट जय विज्ञान अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला प्रशासन रायपुर और इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड फाउंडेशन और जिला प्रशासन रायपुर और विज्ञान भारती के मध्य दो महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनसे बच्चों को अंतरिक्ष से जुड़े विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों की ओर से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को उनकी सफल अंतरिक्ष यात्रा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं और उनका अभिनंदन किया। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को नमन करते हुए सभी को शिक्षक दिवस

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रोजेक्ट जय विज्ञान से मिलेगा नई चीजें सीखने

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक सोच है। विज्ञान प्रश्न पूछने और तर्क करने की शक्ति और समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोजेक्ट जय विज्ञान के अंतर्गत आयोजित कार्यशालाएं, विज्ञान प्रदर्शनियां, प्रतियोगिताएं और नवाचारी परियोजनाएं विद्यार्थियों को नई चीजें सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देंगी।

कैप्टन शुभांशु ने सीएम का जताया आभार

अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि देश ने जो अवसर उन्हें प्रदान किया है, उसे आने वाली पीढिय़ों तक पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मैं विशेष आभार व्यक्त करता हूं कि उनकी पहल से ऐसे सार्थक कार्यक्रम आयोजित हो पा रहे हैं। जब प्रदेश का मुखिया विज्ञान और शिक्षा से जुड़े आयोजनों को महत्व देता है, तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे प्रदेश पर पड़ता है और बच्चों के भीतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा उत्पन्न होती है।

म्युल एकाउंट का उपयोग कर ठगी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

भिलाई /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित सुपेला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए म्युल एकाउंट का उपयोग कर ऑनलाइन ठगी करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव ने बताया कि प्रार्थी मयंक जंघेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके परिचित पियूष जंघेल ने फोन कर बैंक खाते से रुपए निकालने की बात कही थी। इसके बाद आरोपी पियूष ने अपने साथी मिनेश पाल और अजय जंघेल को भेजा। इन्होंने फोन-पे के माध्यम से प्रार्थी के खाते में 57 हजार रुपए ट्रांसफर किए और रकम एटीएम से निकलवाकर ले गए। कुछ देर बाद जब प्रार्थी ने मोबाइल से भुगतान करने की कोशिश की तो पता चला कि उसका खाता ब्लॉक हो गया है। सायबर सेल से जानकारी लेने पर स्पष्ट हुआ कि खाते में ऑनलाइन ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपीगण पियूष जंघेल, मिनेश पाल और अजय जंघेल ने प्रार्थी के खाते को ठगी की रकम खपाने के लिए म्युल एकाउंट की तरह इस्तेमाल किया। इस मामले में तीन आरोपी और दो नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 317(2), 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला चितराम ठाकुर, प्रआर सुबोध पांडेय, आरक्षक सूर्य प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

एनएचएम हड़ताल : बर्खास्तगी के विरोध में सामूहिक इस्तीफा

■ गरियाबंद में सैकड़ों कर्मियों ने सौंपा त्यागपत्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के अधिकारीङ्ककर्मचारियों ने आज बर्खास्तगी की कार्यवाही के विरोध में सामूहिक इस्तीफा दे दिया। गरियाबंद में सैकड़ों की संख्या में एनएचएम कर्मी तिरंगा चौक पर पहुंचे, जहां पहले उन्होंने पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी आंदोलनकारी सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे और लगभग 450 कर्मचारियों ने एक साथ अपना इस्तीफा सौंप दिया।

ज्ञात हो कि एनएचएम अधिकारीङ्ककर्मचारी 18 अगस्त 2025 से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे पहले सरकार ने 10 में से 5 मांगों पर सहमति जताते हुए आदेश भी जारी किए थे, लेकिन हड़ताल जारी रखने पर सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। इसी कार्रवाई से आक्रोशित होकर प्रदेशभर के 16 हजार कर्मियों ने आज सामूहिक इस्तीफा देने का निर्णय लिया।

कर्मचारी संघ के अमृत राव भोसले ने कहा बर्खास्तगी के डर से आंदोलन बंद नहीं होगा। लड़ाई जारी रहेगी।बातचीत के दौरान बर्खास्तगी का आदेश आना शर्मनाक गरियाबंद में एनएचएम कर्मियों का गुस्सा फूटा,बर्खास्तगी के आदेश की प्रतियां जलाईं आंदोलनकारियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश मांगें पूरी न होने तक संघर्ष तेज करने का ऐलान।

कर्मचारी संघ का आरोप - सरकार संवाद से बच रही

एनएचएम अधिकारी-कर्मचारी संघ ने प्रेस नोट जारी कर आरोप लगाया है कि सरकार और प्रशासन मांगों पर संवाद स्थापित करने के बजाय दमनकारी रवैया अपना रहे हैं। प्रेस नोट में लिखा गया।

आंदोलन के दौरान चेतावनी पत्र और बर्खास्तगी के आदेश जितनी तेजी से भेजे जा रहे हैं, यदि उतनी ही गंभीरता से मांगों पर विचार होता तो आज यह स्थिति नहीं आती। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुबह संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की और शाम तक कर्मचारियों को बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिए गए।÷

कर्मचारी संघ ने कहा कि प्रशासन स्वयं चाहता है कि कोई समाधान न निकले और सरकार का कर्मचारियों से संवाद न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सभी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन और तेज किया जाएगा।

प्रयागराज के कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन

■ संजय नगर हनुमान चौक नयापारा रोज शाम लगती है भक्तों की भीड़

महासमुंद/नवप्रदेश। संजय नगर हनुमान चौक नयापारा में इन दिनों धर्म प्रचारक रामायण श्री रामलीला मंडल प्रयागराज (उ.प्र) से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। भगवान श्री राम की लीला देखने में वार्डवासियों सहित शहर के लोगों की भीड़ उमड़ रही है। प्रयागराज से आए पं. मिलेश मिश्रा ने बताया कि रामलीला, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'श्री राम का नाटक' तत्कालीन रामायण महाकाव्य का एक मंचन है जिसमें गीत, वर्णन, गायन और संवाद जैसे दृश्यों की एक श्रृंखला शामिल होती है।

श्री मिश्रा ने आगे बताया इस तरह के मंचन से आने वाली पीढ़ियों को अपने धर्म से जोड़ा एवं अपने ग्रंथों से शिक्षा लेने की सीख मिलती है। उन्होंने बताया कि धर्म का प्रतीक रामायण, कथा धार्मिक और नैतिक उपदेशों को मंच के माध्यम से श्रद्धालुओं तक पहुंचाता है और बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है। यह भारतीय समाज की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है और आने वाली युवा पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ता है। रामलीला के माध्यम से सुशासन, नैतिक आचरण और एक स्थायी व्यवस्था बनाए रखने के महत्वपूर्ण संदेश भी दिया जा रहा है।

अपर कलेक्टर ने स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में विगत दिनों हुई तेज बारिश को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर अवध राम टंडन ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।उन्होने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जुड़ा और अहिल्दा का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल परिसर में जलभराव को देखते हुए उक्त दोनों स्कूल परिसरों में कैनाल का पानी बस्ती से होते हुए स्कूल परिसर में करीब 2 फीट तक जलभराव हो गया था। इस जलभराव को देखते हुए स्कूल में छुट्टी दे दी गई थी। इसके पश्चात् बलौदाबाजार शहर अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, क्रमांक 03 शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड, क्रमांक 04 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड, क्रमांक 05 राममनोहर लोहिया वार्ड, क्रमांक 08 इंदिरा गांधी वार्ड और क्रमांक 12 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का निरीक्षण किया।उन्होने कम उपस्थिति पर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका को निर्देशित किया।

मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर युद्ध स्तर पर जुटे आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा जिले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर बहुत ही गंभीर है तथा मंडल कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर आशीष छाबड़ा द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा सांकरा भिभौरी गुधेली क्षेत्र में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर कांग्रेस जनों की बैठक ली तथा इन बैठकों में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि अबकी कांग्रेस कमेटी पूर्व की तरह ऐसी कमरों में बैठकर तथा पैराशूट लैंडिंग से उतरे हुए नेताओं को लेकर

नहीं बनाई जाएगी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का स्पष्ट निर्देश है कि मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन संबंधित मंडल तथा सेक्टर क्षेत्र में कार्य करने वाले जनता के बीच लोकप्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ही पदाधिकारी बनाया जाए जिससे वे क्षेत्र की समस्याओं के प्रति सजग रहे जनहित की लड़ाई लड़ने में सक्षम रहे कांग्रेस की रीति नीति को आत्मसात करने वाला जो देश के संविधान पर विश्वास करता हो तथा गरीबों किसानों एवं दलित वर्गों , पिछड़े वर्गों की लड़ाई लड़ने को उत्सुक हो ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता को ही मंडल कांग्रेस कमेटी में पदाधिकारी बनाया जाएगा साथ ही साथ पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को बताया कि कांग्रेस के मार्गदर्शन तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान प्रारंभ कर चुके हैं आम जनता का उन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा है और इस जन आंदोलन को हमें भी अपने छत्तीसगढ़ अपने बेमेतरा जिले में आम जनता के बीच लेकर जाना है आम जनता को यह बताना है कि भाजपा के लोग किस तरह से वोट चोरी करते हैं और लोकतंत्र का गला घोटकर बेनामी में सत्ता शासन चला रहे हैं बैठक के इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा रवि परगनिहा रामेश्वर देवांगन भरत पटेल प्रवीण शर्मा चंद्र विजय धीवर नेतराम निषाद राधे ध्रुव संदीप राजपूत विनोद परगनिहा कमलेश वर्मा कृष्णा चतुर्वेदी चंद्रशेखर परगनिहा टिकेंद्र परगनिहा चंद्र प्रकाश परगनिहा अर्पित परगनिहा सुमित राजपूत आदि मौजूद थे।

एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों ने 19वें दिन किया जल सत्याग्रह

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के 19वें दिन आज खरोरा तालाब में जल सत्याग्रह कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताल के दौरान अलग-अलग तरीकों से अपना विरोध दर्ज कराते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल खुंटे ने बताया कि एन एच एम स्वास्थ्य कर्मी 18 अगस्त से जिला मुख्यालय में नियमितीकरण, ग्रेड पे समेत दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार को जगाने अलग-अलग गतिविधियों से प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन उसका कोई असर सरकार पर नहीं पड़ रहा है। उल्टे, सरकार हमारी एकता को तोड़ने के लिए गुरूवार को हमारे 125 पदाधिकारियों को बर्खास्तगी का पत्र जारी कर कर्मचारियों के बीच आक्रोश पैदा कर दिया। सरकार के इस फैसले के बाद प्रदेश के 16 हजार व जिले के 550 एन एच एम कर्मचारियों ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा दिया है। हम सरकार के सामने झुकने वाले नहीं हैं, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। आज विरोध स्वरूप खरोरा तालाब में जल सत्याग्रह चल रहा है। इससे पूर्व शहीद स्मारक के पास सभी ने एकमत होकर संकल्प लिया कि जब तक सरकार हमारी मांगें नहीं मानती है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

सस्पेंस थ्रिलर से भरपूर खारून पार 12 को होगी रिलीज

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की पहली क्राइम, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर छत्तीसगढ़ी फिल्म 'खारून पार' प्रदेश के सिनेमा घरों में 12 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म ऐसी कहानी से जुड़ी है, जो एक घटनाक्रम पर आधारित है। जिसका प्रभाव सभी पात्रों पर पड़ता है। क्राइम, थ्रिलर और सस्पेंस के साथ ही यह एक रोमांटिक फिल्म भी है।उक्त बातें आज पत्रकारवार्ता में फिल्म के डायरेक्टर व प्रोड्यूसर दीव्यांश सिंह ने बताई। उन्होंने कहा कि यह उनकी पहली फिल्म है और यह एक घटना पर आधारित है और उसी घटना से सभी पात्र जुड़े हैं। फिल्म में खलनायक की भूमिका में क्रांति दीक्षित, हीरो एवरग्रीन विशाल, शील वर्मा हैं। फिल्म में दो हीरोइन है। पूरी फिल्म को तैयार करने में लगभग 90 लाख रुपए खर्च आया है। उन्होंने बताया कि पिछले 25 सालों में छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में कई विषयों पर फिल्में बनी है। लेकिन यह पहली बार है कि फिल्म पूरी तरह से क्राइम, थ्रिलर और सस्पेंस पर आधारित है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के लिए सरकारें कदम उठा रही है। उसका फायदा मिलने पर यहां पर जो फिल्म निर्माण से जुड़े लोग हैं वे निश्चित तौर पर अन्य फिल्म इंडस्ट्री से अच्छा कर पाएंगे। पत्रकारवार्ता में फिल्म में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले कलाकारों ने भी संक्षिप्त में अपने पात्र और फिल्म की कहानी के संबंध में बताया।

महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा

■ महिला केन्द्रित योजनाओं, नीतियों, विधानों, अधिनियम, प्रगति और योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जा रही

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन 2 सितम्बर से 12 सितम्बर तक रखा गया है। इसी कड़ी में फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत लफन्दी एवं छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोंड तथा गरियाबंद ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलकर्रा स्कूल में महिला केन्द्रित विषयों पर विशेष जागरूकता अभियान आयोजन किया जा रहा है। डीपीओ श्री पाण्डेय ने बताया कि देश में महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न महिला केन्द्रित योजनाओं, नीतियों, विधानों, अधिनियम, प्रगति और योजनाओं के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब और सखी वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से भागीदारी निभाते हुए महिला केन्द्रित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, कानूनों, सामाजिक समानता, तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैनर, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय करते हुए किशोरियों और महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देकर विशेष ध्यान रखते हुए महिलाओं को प्रभावित करने वाले कैंसर की रोकथाम एवं शीघ्र पहचान करने के बारे में स्वास्थ्य टीम के द्वारा जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं का शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक समानता के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का संचालन महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) कि जिला मिशन समन्वयक सुश्री मनीषा वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की अन्य योजनाओं जैसे महिला हेल्प लाइन नं. -181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, बाल विवाह, कार्य स्थल पर महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा 2005, सखी वन स्टॉप सेन्टर, गुड टच बेड टच, साइबर से संबंधित हेल्प लाइन नं. 1930 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण केन्द्र के जेण्डर विशेषज्ञ पदमनी दीवान, श्रीमती अर्चना ठाकुर, वित्तीय साक्षरता श्रीमती श्वेता शुक्ला कार्यालय सहायक, सखी वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर श्रीमती सुमन तिवारी, श्रीमती रूपमती वर्मा पैरामेडिकल, आर.एच.ओ. श्रीमती संतोषी ध्रुव, शिक्षकगण, ग्रामीण महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

श्रेष्ठ शिक्षक से सम्मानीत हुए कोमल दीवान

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में पदस्थ शिक्षक कोमल सिंह दीवान को शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर श्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान प्राप्त हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग महासमुंद के तरफसे रजत जयंती समारोह के अवसर पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के बीच में शिक्षा पदाधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा के द्वारा शिक्षक कोमल सिंह दीवान को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी गई। ज्ञात हो की श्री दीवान शिक्षक होने के साथ-साथ मशहूर गायक भी है। इन्होंने कई इवेंट्स में अपना ऑनलाइन आवाज़ का जादू बिखेरा है। इस अवसर पर शिक्षकों ने अपने अनुभवों को साझा किया और उपलब्धियां भी गिनाईं। उल्लेखनीय है की प्रतिवर्ष 5 सितंबर को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बेमेतरा जिला के स्काउट प्रदीप साहू को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम मे राष्ट्रपति पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ

बेमेतरा/नवप्रदेश। 31 अगस्त 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम मे राष्ट्रपति पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। बेमेतरा जिला से स्काउट प्रदीप साहू (शा उ मा वि बैजलपुर) को राष्ट्रपति पुरस्कार (प्रेजिडेंट अवार्ड) प्राप्त हुआ। भारत स्काउटस एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने राष्ट्रपति पुरस्कार का वितरण किया। पुरस्कार के प्रमाण पत्र महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं

भारत भारत मंडपम में आयोजित समारोह में भारत स्काउटस एवं गाइडस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जैन, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉक्टर के के खंडेलवाल सहित अन्य विशिष्ट जनों की उपस्थिति रही।

प्रदीप साहू को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने पर जिला मुख्य आयुक्त श्री प्रनीष रजक, जिला शिक्षा अधिकारी श्री गैद राम चतुर्वेदी, जिला सचिव श्री अमित क्षरीय, जिला संयुक्त सचिव श्रीमती उर्मिला दिवाकर, जिला संगठन आयुक्त श्री फनेन्द्र कुमार लोधी जिला, प्रशिक्षण आयुक्त श्री महेश कुमार साहू के साथ जिला के स्काउटर गाइडर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

जिला से ईकाई तक निर्विरोध चुनने का प्रयास होगा : डॉ.नीरेंद्र साहू

एक दिवसीय दौरे पर अंबागढ़ चौकी-मोहला-मानपुर पहुंचे डॉक्टर नीरेंद्र साहू

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नवनिर्वाचित निर्विरोध छत्तीसगढ़ साहू संघ के अध्यक्ष बने डॉ.नीरेंद्र साहू का एक दिवसीय दौरे पर अंबागढ़ चौकी - मोहला-मानपुर जिला पहुंचे थे।जहां पर साहू समाज के पदाधिकारियों एवं स्वजातीय बंधुओं ने गाजे बाजे और भव्य आतिशबाजी के आगवानी करते हुए मंचस्थ किए।कार्यक्रम की शुरुआत भक्त कर्मा माता जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना के साथ हुई। अपने स्वागत भाषण में तहसील अध्यक्ष गयादास साहू ने कहा कि समाज के प्रदेशाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचित होना यह समाज के लिए एक अच्छा संदेश है और हम सब सामाजिक जन भी आशा करते हैं कि इकाई से लेकर जिला में भी यही पद्धति अपनाई जायेगी। समाज को संबोधित करते हुए अपने आत्मीय संबोधन में कहा कि आज आपके बीच में आकर मैं अपने

आपको अत्यंत गर्वान्वित महसूसहो रहा है।स्वागत भाषण के दौरान जो छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष होने के नातें समाज मुझसे जो उम्मीद कर रहा है कि नीचे ईकाई से लेकर जिला पदाधिकारी की नियुक्ति सर्वसम्मति से हो तो इसके लिए प्रदेश के वरिष्ठों ने दर्शन करा दिया है।आपके भरोसे और विश्वास को टूटने नहीं दिया जायेगा यह भरोसा दिलाता हूं और निर्विरोध चुने जाने कि प्रक्रिया को आगे भी निरंतरता बनी रहे यही हमारी टीम की कोशिश होगी।डॉ.साहू ने आत्मीय अभिनंदन के लिए जिले के समस्त पदाधिकारियों एवं स्वजातीय बंधुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। शपथग्रहण पश्चात अंबागढ़ चौक-मोहला-मानपुर पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू के साथ प्रदेश के नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपाध्यक्ष डॉ तिलक साहू,सुनील साहू,प्रदीप साहू जिला महामंत्री नीलमणी साहू,महेश्वर साहू भी साथ थे जहां आयोजकों ने उनका भी फूलमालाओं से जोशिला स्वागत किया।

समापन समारोह के अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह जी गरिमामय उपस्थिती रही कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मदन साहू, महामंत्री चेतन साहू ,चौकी नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता,गिरीश साहू , आर डी साहू ,तहसील अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू मोहला ,तहसील अध्यक्ष चौकी गयादास साहू जी, तहसील अध्यक्ष मानपुर यशवंत साहू , सचिव शेषराम साहू, मंडल अध्यक्ष दुर्योधन साहू, अरुण साहू ,युवा प्रकोष्ठ महामंत्री नूतन साहू ,महिला प्रकोष्ठ संयोजिका श्रीमती हिलेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

खाड़ी में निम्न दाब के कारण हो रही बारिश

■ अगले एक दो दिन हवा के साथ अच्छी बारिश की उम्मीद

महासमुंद/नवप्रदेश। बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दाब के प्रभाव के चलते पिछले दो दिनों से प्रदेश सहित महासमुंद जिले में कई हिस्सों में अच्छी बारिश हो रही है। जिले में पिछले 48 घंटो में 24.8 मिमी औसत बारिश हुई है जिसमें सरायपाली में सबसे अधिक और महासमुंद में सबसे कम बारिश रिकॉर्ड की गई।

बता दें कि जुलाई व अगस्त माह में बारिश कम होने की वजह से गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। इधर खरीफ फसल धान को भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया जिसके चलते किसानों ने कोडार से पानी छोड़ने की मांग की जिसके बाद 9 अगस्त से सिंचाई के लिए कोडार से पानी छोडा जा रहा है। वर्तमान में कोडार बांध से आरबीसी नहर से 300 क्यूसेक और एलबीसी नहर से 125 क्यूसेक पानी पिछले 26 दिनों से लगातार छोडा जा रहा है जिससे 50 गांव के 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। मालूम हो कि बांध से पानी छोडने से पहले यहां 22 फिट पानी था जो घटकर अब 18.8 फिट रह गया है। इधर मौसम में एक बार फिर से परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दाब के प्रभाव के कारण पिछले 48 घंटों के दौरान बारिश की गतिविधियां तेज हुई है और संभावना है कि एक - दो दिन तक बारिश की गतिविधि बनी रहेगी। निम्नदाब के चलते क्षेत्र में वज्रपात, तेज हवा चलने और कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना बनी हुई है।

अब तक 695.1 औसत बारिश हुई

जानकारी के अनुसार जिले में 48 घंटों में 24.8 मिमी औसत बारिश हुई है। जिसमें सबसे अधिक सरायपाली में 54.7, बसना में 32.7, पिथौरा में 27.4, बागबाहरा में 15.1, कोमाखान में 10.3 और महासमुंद 8.4 मिमी सबसे कम बारिश हुई है। एक जून से अभी तक जिले में कुल 695.1 मिमी औसत बारिश हुई है। जिसमें पिथौरा में 913.7 मिमी, सरायपाली में 740.1, बसना में 655.4, कोमाखान में 648.0, बागबाहरा में 638.7और 577.9 मिमी बारिश हुई है।

ड्रग्स क्वीन नव्या मलिक से आईजी अमरेश मिश्रा ने घंटों की पूछताछ

- पूछताछ करने क्राईम ब्रांच पहुंचे आईजी
- कई बड़े व्यापारियों के बच्चे और राजनीतिक पार्टियों के युवा नेता भी थे संपर्क में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट को दबोचा है और इस मामले में रोज नए खुलासे हो रहे है। शुक्रवार को रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने ड्रग्स क्वीन नव्या मलिक से पूछताछ करने के लिए क्राईम ब्रांच पहुंचे। यहां वे एक घंटे से ज्यादा समय तक उन्होंने नव्या से पूछताछ की। आईजी की पूछताछ के बाद और कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पुलिस ने इस मामले में नाइट पार्टियों, फार्म हाउस, क्लब, होटल और मैरिज पैलेस की आड़ में ड्रग्स की सप्लाई करने वाली 29 वर्षीय विधि अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विधि, कुख्यात ड्रग्स क्वीन नव्या मलिक की सहेली और कारोबारी साझेदार है। दोनों ने मिलकर पंजाब, हरियाणा, मुंबई और गोवा से ड्रग्स मंगवाकर रायपुर की हाई-प्रोफाइल पार्टियों में सप्लाई का गोरखधंधा चला रखा था। पुलिस ने इस मामले में नव्या और विधि के लिए काम करने वाले तीन अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया है, जिनसे

नकदी, मोबाइल और गाड़ी जब्त की गई है। गुरुवार को इन तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया, जबकि नव्या और विधि को 6 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

रायगढ़ से रायपुर तक का सफर-पुलिस के अनुसार, मूल रूप से रायगढ़ की रहने वाली विधि अग्रवाल तेलीबांधा के आदित्य हाइट्स में रहती है। उसके पिता का रायगढ़ में बड़ा कारोबार है। तीन साल पहले एक नाइट पार्टी में उसकी मुलाकात नव्या मलिक से हुई, जिसके बाद दोनों की दोस्ती गहरी हो गई। यह दोस्ती जल्द ही ड्रग्स के काले कारोबार में बदल गई। दोनों ने मिलकर रायपुर के पॉश इलाकों में आयोजित होने वाली पार्टियों में ड्रग्स की सप्लाई शुरू की। विधि, शंकर नगर के जीटी हाइट निवासी ऋषिराज टंडन (26) के साथ मिलकर एक इवेंट कंपनी भी चलाती थी। इस कंपनी के जरिए वे ललित महल, शेमरॉक होटल और वीआईपी रोड के कई बड़े होटल व मैरिज पैलेस में पार्टियां आयोजित करते थे। हाल के दिनों में विधि ने ज्यादातर पार्टियां फार्म हाउस और क्लबों में आयोजित करना शुरू किया था। विधानसभा रोड के एक क्लब के मैनेजर से भी उसकी गहरी दोस्ती थी, जिसका पुलिस अब गहनता से जांच कर रही है।

कोर्ट में नव्या-विधि के बीच तकरार

जब नव्या और विधि को रायपुर कोर्ट में पेश किया गया, तो दोनों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। विधि ने नव्या पर उसे फंसाने का आरोप लगाया, जबकि नव्या ने दावा किया कि विधि न केवल नशा करती थी, बल्कि पैसे कमाने के लिए ड्रग्स की सप्लाई भी करती थी। यह नजारा कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गया।

हाई-प्रोफाइल कनेक्शन और पुलिस की चुप्पी

पुलिस ने नव्या और विधि के मोबाइल फोनों की जांच में 360 से ज्यादा लोगों के नंबर पाए हैं, जो ड्रग्स खरीदने में शामिल थे। इनमें चैट और लेन-देन के रिकॉर्ड भी मिले हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें एक बड़े शराब कारोबारी का बेटा, कई उद्योगपतियों, स्टील कारोबारियों, सराफा और कपड़ा व्यापारियों के बच्चे शामिल हैं। नव्या की कॉल हिस्ट्री में स्पंज आयरन, सराफा और कपड़ा कारोबारियों के बच्चों के अलावा कुछ राजनीतिक पार्टियों के युवा नेताओं के नंबर भी मिले हैं। सूत्रों के अनुसार, नव्या का एक बड़े शराब कारोबारी के बेटे के साथ गहरा कनेक्शन था, और वह उसके साथ कई बार मुंबई भी गई थी। इसके बावजूद, पुलिस बड़े कारोबारियों और प्रभावशाली लोगों के बच्चों को न तो गिरफ्तार कर रही है और न ही उनसे पूछताछ के लिए बुला रही है। इस चुप्पी ने कई सवाल खड़े किए हैं।पुलिस अब नव्या और विधि के बयानों के आधार पर उन होटल, क्लब, पब, फार्म हाउस और मैरिज पैलेस की सूची तैयार कर रही है, जहां ड्रग्स की सप्लाई होती थी। इन संस्थानों के प्रबंधकों और मैनेजरों से पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा, नव्या के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और हनी ट्रैप के मामले में नई एफआईआर दर्ज करने की तैयारी है। पुलिस ने अभी तक केवल 5-6 लोगों को ही पूछताछ के लिए बुलाया है, जबकि बाकी प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई में देरी की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

14 हजार से अधिक एनएचएम कर्मियों ने दिया इस्तीफा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 14,678 से अधिक संविदा अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। यह कदम तब उठाया गया, जब राज्य सरकार ने हड़ताल में शामिल 25 कर्मचारियों, जिनमें एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, महासचिव कौशलेश तिवारी और प्रांतीय संरक्षक हेमंत कुमार सिन्हा शामि ल हैं, की सेवाएं 3 सितंबर को समाप्त कर दीं।एनएचएम कर्मचारी 18 अगस्त से नियमितीकरण, बेहतर कार्यस्थिति, लोक स्वास्थ्य संवर्ग गठन, ग्रेड पे और अनुकंपा नियुक्ति जैसी 10 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान देने के बजाय दमनकारी कार्रवाई की है।

सिलयारी रेलवे स्टेशन में स्टॉपेज देने रेल मंत्री को पत्र

सिलयारी/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र धरसींवा जिला रायपुर के रेलवे स्टेशन सिलयारी में अम्बिकापुर.दुर्ग एक्सप्रेस और इतवारी.बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस द्व ट्रेनों के स्टॉपेज के संबंध में ग्रामवासियों ने विधायक अनुज शर्मा मुलाकात की थी। इस पर विधायक अनुज ने तत्काल केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर सिलयारी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज को बहाल करने का आग्रह किया है।

धूमधाम से निकलेगी गणेश विसर्जन झांकी ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया रूट डायवर्सन

- आयोजकों का सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान

रायपुर/नवप्रदेश। गणेशोत्सव के अंतर्गत 8 सितंबर को गौरवपूर्ण गणेश विसर्जन झांकी निकाली जाएगी. झांकी तेलघानी नाका से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो राठौर चौक, गुरूनानक चौक, एम.जी. रोड, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सदर बाजार, कंकालीपारा, पुरानीबस्ती मार्ग के बाद लाखेनगर चौंक, सुन्दर नगर, रायपुरा अंडरब्रीज होते हुए महादेव घाट विसर्जन स्थल पर समाप्त होगी। इस दौरान शहर भर में विराजमान गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन महादेव घाट के विसर्जन कुण्ड में किया जाएगा। आयोजकों ने सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान रखा है। गणेश विसर्जन झांकी मार्ग पर रात्रि 8 बजे से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया रूट

- रायपुरा से अमलेश्वर की ओर जाने वाले वाहन खारून नदी पुल के रास्ते बंद होने के कारण भाठागांव, काठाडीह, दतरेगा मार्ग अपनाएं।
- तेलीबांधा से टाटीबंध की ओर जाने वाले वाहन शास्त्री चौक से कालीबाड़ी व पचपेढ़ी नाका होते हुए रिंग रोड 01 अथवा फाफाडीह चौक से स्टेशन रोड होकर यातायात कर सकेंगे।
- खमतराई-फाफाडीह मार्ग के वाहन रिंग रोड 02 से चलेंगे।
- धमतरी रोड से रेलवे स्टेशन मेकाहारा आने वाले वाहन कालीबाड़ी चौक, शास्त्री चौक, मरही माता चौक मार्ग से आवागमन करेंगे।

कैसे रहेगी पार्किंग की व्यवस्था ?

तेलीबांधा, पंडरी, राजा तालाब क्षेत्रों के श्रद्धालु अपने वाहन शहीद स्मारक भवन के पास पार्क कर सकते हैं।
कटोरा तालाब, टिकरापारा से आए श्रद्धालु गांधी मैदान के पास वाहन पार्क कर सकेंगे।
मठपारा, पुरानी बस्ती के श्रद्धालु इंडोर स्टेडियम के पास पार्किंग सुविधा का उपयोग करें।
आश्रम, लाखेनगर, समता-चौबे क्षेत्र के श्रद्धालु ईदगाह भाठा मैदान या नवीन मार्केट में वाहन पार्क कर सकते हैं।

टीचर्स कॉलोनी के सूने मकान से 7 लाख कैश-ज्वेलरी चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में कोटा टीचर्स कॉलोनी निवासी स्पीच थैरेपिस्ट के सूने मकान का ताला तोड़कर सात लाख नकदी और सोने के जेवर की चोरी की रिपोर्ट पुलिस के पास पहुंची है। इससे दो-तीन दिन पहले डीडी नगर के डंगनिया निवासी अश्वनी नगर स्कूल की व्याख्याता तारिणी वर्मा और सुंदरम विहार निवासी सुमित सोनी के मकान का ताला तोड़कर लाखों की ज्वेलरी, कैश उड़ाए गए थे। लगातार सूने मकान में चोरों के धावे से पुलिस अमले में हड़कंप मच गया है। मोहम्मद सरताज नामक स्पीच थैरेपिस्ट ने रिपोर्ट लिखाई है कि श्रीराम मॉर्ट के पास स्थित मकान में 29 अगस्त को ताला लगाकर वह अपनी टीम के साथ विशाखापट्नम के लिए निकले थे। घर के लॉकर में सात लाख कैश और सोने का दो तोले का चेन रखा हुआ था। 31 अगस्त को नौकरानी बाहर के गेट की चाबी लेकर सफाई करने पहुंची, तब ताला टूटा देखा। एक सितंबर को सुबह मोहम्मद सरताज लौटे और पुलिस को सूचना दी।

स्थानीय चोरों का हाथ होने की आशंका लेकिन...

इससे पहले डंगनिया निवासी व्याख्याता तारिणी वर्मा के घर हुई चोरी में पुलिस ने लोकल चोर का हाथ होने की आशंका जताई है। हालांकि संदिग्ध चोर अब तक गिरफ्त में नहीं आया है। इनके घर से 26 अगस्त से 28 अगस्त के बीच ताला तोड़कर पौने तीन लाख कैश उड़ाए गए हैं, जो स्कूल फीस के बताए गए हैं। इसके अलावा सोने का दो हार, आठ अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक चेन, दो कंगन, दो झुमके, चार जोड़ी टॉप्स और चांदी के गहने भी चोरी गए हैं। पुलिस ने साढ़े चार लाख की चोरी का केस दर्ज किया है।

सुविचार

दुनिया में सबसे वजनदार है मतलब, ये निकलता है तो बड़े से बड़ा रिश्ता भी हल्का पड़ जाता है। - अज्ञात

राजनीति का अपराधीकरण चिंतनीय

भारतीय राजनीति का अपराधीकरण वाकई गंभीर चिंता का विषय बन गया है। ऐसा नहीं है कि इसे रोकने के प्रयास नहीं हुए लेकिन मर्ज बढ़ता ही गया ज्यों-ज्यों दवा की गई। दशकों पूर्व तात्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन शेषन ने चुनाव सुधार कार्यक्रम की शुरुआत की थी ताकि आपराधिक छवि वाले बाहुबलियों को चुनाव लड़ने से रोका जाए लेकिन बेल मुंडेर नहीं चढ़ पाई। आज स्थिति यह है कि राजनीति में आपराधिक छवि वाले दागी नेताओं की भरमार होती जा रही है। नतीजतन जिन्हें जेल की सीख़ंचों के पीछे होना चाहिए वे प्रजातंत्र के पवित्र मंदिरों में विराजमान होने लगे हैं। विधायक और सांसद बनना तो उनके लिए पहले ही आसान था अब तो वे मंत्री और मुख्यमंत्री भी बनने लगे हैं। जेल से सरकार चलाने लगे हैं। इस विसंगति को दूर करने के लिए ही सरकार ने संसद के मानसून सत्र में यह संशोधन विधेयक लाया था कि जिस भी मंत्री, मुख्यमंत्री और यहां तक कि प्रधानमंत्री को किसी आपराधिक मामले में यदि 30 दिनों तक न्यायालय से जमानत नहीं मिलती है तो वह स्वतः पदमुक्त हो जाएगा। इस विधेयक का पूरे विपक्ष ने पुरजोर विरोध किया था। संसद में अभूतपूर्व हंगामा किया था। अब उनके विरोध की असली वजह सामने आई है। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) की एक ताजी रिपोर्ट के मुताबिक देश के 27 राज्यों और 3 केन्द्र शासित राज्यों तथा केन्द्र सरकार के मंत्रिमंडल में जितने भी मंत्री हैं उनमें से 47 प्रतिशत मंत्रियों पर हत्या. हत्या के प्रयास, अपहरण और बलात्कार जैसे संगीन आरोप हैं और उन पर मुकदमे चल रहे हैं। ऐसे माननीयों की सभी राजनीतिक दलों में भरमार है। भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस आम आदमी पार्टी, डीएमके तेलगु देशम पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित लगता सभी पार्टी में ऐसी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेता मौजूद हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीति के हमाम में सभी नंगे हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि बिल्ली के गले में घंटी आखिर बांधेगा कौन? चुनाव आयोग के अधिकार सीमित हैं और सरकार इस दिशा में कोई कारगर कानून बनाने की कोशिश करती है तो पूरा विपक्ष विरोध में उतर आता है। यदि राजनीति के बढ़ते अपराधीकरण को रोकने कठोर कदम नहीं उठाए गए तो वह दिन दूर नहीं दिखता जब राजनीति में आपराधिक छवि वाले दागी लोगों का एकछत्र राज स्थापित हो जाएगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सद्गुरू श्री ऋतेश्वर

समस्त भोगों से रस-बेरस को समझ कर और थक कर जो परम विश्राम की रात्रि होती है उसे ही शिवरात्रि कहते हैं। जो परम कल्याण की रात्रि होती है उसे ही शिवरात्रि कहते हैं।

सुनो तो केवल अपने गुरू की और तुम्हारे जीवन में अगर कोई जीवंत गुरू नहीं है, भगवान ने अवसर नहीं दिया वर्तमान में उनके संसर्ग का और किसी महापुरूष का सानिध्य उपलब्ध है तो निश्चित ही तुम्हारे ही गुरू उस रूप में खड़े हैं क्योंकि गुरू एक ही होते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 06 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1776-ग्वाडेलोप द्वीप में तूफान से छह हजार से अधिक लोगों की मौत। 1838-पंजाब के महाराज रणजीत सिंह के सबसे छोटे पुत्र दलीप सिंह का जन्म। 1869-पेंसिल्वेनिया के अवोंदेल में एक खदान में आग लगने से 110 लोग मरे। 1905-अटलांटा जीवन बीमा कंपनी की शुरुआत हुई। 1914-फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध प्रारम्भ। 1924-इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी की हत्या का प्रयास विफल। 1929-भारतीय फ़िल्म निर्माता यश जौहर का जन्म। 1939-दक्षिण अफ़्रीका ने नाजी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की। 1948-जुलियाना नीदरलैंड की महारानी बनीं। 1952-कनाडा टी.वी. की मॉन्ट्रियल में शुरुआत। 1965-ताशकन्द समझौता (भारत-पाकिस्तान युद्ध) हुआ। 1968-अफ़्रीकी देश स्वाजीलैंड को ब्रिटेन से आजादी मिली। 1968-बड़ौदा की राजकुमारी इंदिरा राजे का निधन। 1986-इस्तांबुल में यहूदी उपासना गृह में हमले में 23 लोग मारे गए। 1990-प्रसार भारती विधेयक संसद से पारित हुआ। 1998-जापान के फ़िल्म निर्माता और निर्देशक 'अकिरा कुरोसावा' का निधन। 2000-संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ। 2003-फ़िलिस्तीन के प्रधानमंत्री महमूद अब्बास का इस्तीफ़ा। 2005-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक मेजर धनसिंह थापा का निधन। 2006-मैक्सिको के सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी के फ़ेलिप काल्देरोन नये राष्ट्रपति मनोनीत किये गए। 2007-ब्रिटेन की 'द ह्यूमन फ़र्टिलाइजेशन एंड एम्ब्रियोलॉजी अथॉरिटी' ने मानव पशु संकर भ्रूण पर शोध करने के लिए सिद्धान्त रूप से अनुमति दी।

आज का पंचांग

शनिवार सूर्योदयः 06:12, सूर्यास्तः 06:39, चन्द्रोदयः 17:14, चन्द्रास्तः 28:08, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 2082 (सिद्धार्थी), मास-भाद्रपद, पक्ष -शुक्ल, तिथि-चतुर्दशी, नक्षत्र-धनिष्ठा, योग-अतिगण्ड, प्रथम करण-कौलव (15:45 तक), द्वितीय करण-तैतिल (27:12 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य- सिंह, चंद्र-कुम्भ, मंगल-कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-सिंह (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु-मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र-कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि-मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु-कुम्भ, केतु -सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त-11:50 से 12:41, अमृत काल-13:16 से 14:52, सर्वार्थ सिद्धि योग-05:56 से 23:38, रवि योग-23:38 से 29:56, विजय मुहूर्त-14:22 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त-18:35 से 18:57, सायाह्न सन्ध्या-18:35 से 19:43, निशिता मुहूर्त-23:53 से 24:38, राहुकाल-09:00 से 10:30।

महेन्द्र तिवारी
स्थापना अनुभाग राष्ट्रीय अभिलेखागार जनपथ दिल्ली

> अनंत चतुर्दशी और गणेश विसर्जन हमें यह सिखाते हैं कि जीवन क्षणभंगुर है, लेकिन विश्वास और भक्ति से ही उसमें स्थिरता आती है। बप्पा का आना और जाना इस सत्य का जीवंत रूप है। वे आते हैं, हमें प्रेम और प्रसन्नता से भरते हैं, हमारे दुःख-दर्द हरते हैं और फिर विदा लेते समय हमें यही संदेश देकर जाते हैं कि फ्मैं मिट्टी में विलीन हो रहा हूँ, पर मेरी कृपा तुम्हारे साथ अनंत काल तक रहेगी। इसलिए अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा की विदाई केवल विदाई नहीं होती, यह अनंत कृपा का अनुभव भी होती है। भक्तों की आंखों में आंसू होते हैं, लेकिन उन आंसुओं में दुख नहीं, बल्कि प्रेम और विश्वास की चमक होती है। यह पर्व हमें त्याग, धैर्य और कृतज्ञता का पाठ पढ़ाता है और यह विश्वास दिलाता है कि हर अंत के भीतर एक नया आरंभ छिपा होता है।

अनंत कृपा और बप्पा की विदाई

भारत की संस्कृति और आस्था का स्वरूप ऐसा है जहाँ हर पर्व केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन की शिक्षा देता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाने वालीअनंत चतुर्दशीऔर इसी दिन होने वालागणेश विसर्जनइसका सबसे सजीव उदाहरण हैं। इस दिन भक्त एक ओर भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा करते हैं, तो दूसरी ओर दस दिन तक घर और समाज में विराजमान रहे गणपति बप्पा को विदा करते हैं। इस संगम में ही भारतीय अध्यात्म का गूढ़ संदेश छिपा है-जीवन अस्थायी है, परंतु ईश्वर की कृपा और आशीर्वाद अनंत हैं।

अनंत चतुर्दशी का महत्व हमारे शास्त्रों में विस्तार से वर्णित है। कहा जाता है कि इस दिन युधिष्ठिर ने अनंत व्रत का पालन कर कठिन परिस्थितियों से मुक्ति पाई थी। तभी से इस दिन व्रत, पूजा और अनंत सूत्र धारण करने की परंपरा चली आ रही है। चौदह गांठों वाला यह सूत्र केवल धागा नहीं, बल्कि अनंत पर विश्वास का प्रतीक है। यह हमें स्मरण कराता है कि जब तक मनुष्य ईश्वर पर श्रद्धा रखता है और धर्म के मार्ग पर चलता है, तब तक उसके जीवन में आने वाले विघ्न दूर होते रहते हैं।

इसी दिन गणेशोत्सव का समापन भी होता है। गणेश चतुर्थी को बप्पा का घर-घर में स्वागत होता है और दस दिनों तक भक्ति और उत्सव का वातावरण बना रहता है। परिवार के हर सदस्य का मन बप्पा की पूजा, आरती और मोदक के प्रसाद से जुड़ा होता है। समाज में एकता और मेल-जोल का यह समय सचमुच अनुपम होता है। लेकिन दसवें दिन जब बप्पा को विदा करने का क्षण आता है, तो हृदय भावनाओं से भर उठता है। आस्था और श्रद्धा के बीच एक कोमल पीड़ा छिपी होती है-जिसे हमने इतने प्रेम से अपने घर में रखा, अब उन्हें विदा करना होगा। गणेश विसर्जन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का अद्भुत प्रतीक है। गणपति बप्पा मिट्टी से बनी प्रतिमा में हमारे बीच आते हैं और कुछ ही दिनों बाद उसी मिट्टी में विलीन हो जाते हैं। यह हमें यह समझाता है कि जीवन में हर चीज़ क्षणभंगुर है। शरीर भी मिट्टी का ही बना है और अंततः मिट्टी में ही मिल जाता है। लेकिन इस बीच का सफर, उसमें संजोई गई स्मृतियाँ, संस्कार और आशीर्वाद-यही वास्तव में स्थायी रहते हैं। भक्त जब बप्पा की विदाई करते हैं तो उनके कान में मनोकामना कहते हैं और प्रार्थना करते हैं कि वे अगले वर्ष फिर से पधारें। विसर्जन यात्रा में ढोल-नगाड़े, भजन और जयकारे गूंजते हैं- गणपति बप्पा मोरया, पुढच्यावर्षी लवकर या। यह केवल नारा नहीं, बल्कि आस्था और आशा का जीवंत संवाद है। विदाई में भी मिलने की आस है, और विरह में भी विश्वास है।

अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन को शुभ मानने का कारण भी यही है। भगवान विष्णु के अनंत रूप और गणपति बप्पा के मंगल आशीर्वाद का संगम भक्तों को यह भरोसा देता है कि बप्पा का साथ अगले वर्ष तक बना रहेगा और विष्णु का अनंत आशीर्वाद जीवनभर सुख-समृद्धि बनाए रखेगा। यही कारण है कि विसर्जन को केवल अंत नहीं, बल्कि नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। आज जब समाज तेजी से बदल रहा है और जीवन की रफ्तार ने रिश्तों और परंपराओं को कमजोर कर दिया है, तब ऐसे पर्व हमें ठहरकर सोचने का अवसर देते हैं। गणेशोत्सव और अनंत चतुर्दशी हमें सामूहिकता और भाईचारे की याद दिलाते हैं। पंडालों में मिलकर पूजा करना, प्रसाद बांटना और शोभायात्रा में साथ चलना सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। यह पर्व हमें पर्यावरण के प्रति भी सचेत करता है। पहले मिट्टी की प्रतिमाएँ ही विसर्जित की जाती थीं, जो जल में घुलकर धरती को पोषण देती थीं। लेकिन आधुनिकता में प्लास्टर और रासायनिक रंगों ने प्रदूषण की समस्या खड़ी कर दी है। ऐसे में यह पर्व हमें यह भी संदेश देता है कि आस्था के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी जोड़ना होगा।

गणेश विसर्जन की सबसे बड़ी सीख त्याग और धैर्य है। हम बप्पा को अपने जीवन में बुलाते हैं, पूरे मन से सेवा करते हैं और फिर समय आने पर विदा भी करते हैं। यह हमें सिखाता है कि संबंध और वस्तुएँ चाहे कितनी भी प्रिय क्यों न हों, एक समय पर हमें उनसे विरक्त होना ही पड़ता है। परंतु यह विरक्ति केवल खोने का दर्द नहीं, बल्कि पाने का आनंद भी देती है-क्योंकि आशीर्वाद और संस्कार हमारे साथ बने रहते हैं।

संस्कृत में कहा गया है-

अनन्तंविष्णुमनन्तंजगन्नाथमनन्तकम्।
अनन्तनामधारंतंनमाम्यनन्तदंप्रभुम॥

यह श्लोक स्मरण कराता है कि ईश्वर का स्वरूप अनंत है और उनकी कृपा भी अनंत है। गणपति बप्पा का विसर्जन इसी सत्य की पुष्टि करता है कि प्रतिमा जल में विलीन हो सकती है, परंतु उनके आशीर्वाद का प्रवाह अनंत है।

6 सितंबर 2025 को जब अनंत चतुर्दशी का पर्व आएगा, तब हर घर और हर गली में यह अद्भुत संगम देखा जाएगा। कहीं विष्णु भगवान की पूजा होगी, कहीं बप्पा की शोभायात्रा निकलेगी, कहीं विसर्जन के समय बच्चों की आंखें नम होंगी और कहीं भक्त अपने हृदय से प्रार्थना करेंगे कि बप्पा अगले वर्ष फिर से पधारें। यही इस पर्व का सार है-आस्था और कृपा का अनंत प्रवाह।

राजेश माहेश्वरी

> जानकारों के मुताबिक इस सुधार से 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण किसान परिवारों, विशेषकर छोटे, सीमांत और भूमिहीन मजदूरों को सीधे लाभ होगा, जो अपनी आजीविका के लिए दुधारू पशुओं का पालन करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि कम कराधान से परिचालन लागत कम करने और मिलावट पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। इसका उत्पादन 2023-24 में 239 मिलियन टन होगा, जो वैश्विक दूध उत्पादन का लगभग 24 प्रतिशत होगा। भारतीय डेयरी क्षेत्र का कुल बाजार आकार 2024 में 18.98 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 27 अगस्त से लागू 50 फीसदी 'ट्रंप टैरिफ' के कारण भारत के 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। यह अमेरिका भेजे जाने वाले माल का 55 फीसदी और भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी है।

त्योहारों से पहले मिल गया जीएसटी का उपहार

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से देश के साथ जो वादा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी। भारत में इनडायरेक्ट टैक्स में किया गया बड़ा बदलाव नई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक बेहतर कदम है। वैसे तो नई कर प्रणाली यानी जीएसटी के स्लैब में वर्ष 2017 में इसके लागू होने के बाद से कई परिवर्तन किए गए हैं लेकिन, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने हाल ही में जो फैसले किए, वे कई मायनों में अहम कहे जाएंगे।

अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से ही वैश्विक व्यापार में बड़ी उथल-पुथल चल रही है। ट्रंप ने खासतौर पर भारत को निशाना बनाया है, जिसके कारण कारोबारी तनाव में हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था पर पडने् वाले असर को देखते हुए टैक्स स्लैब में सुधार काफी जरूरी थे। वैसे भी चार तरह के टैक्स स्लैब के कारण जीएसटी प्रणाली का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा था। उम्मीद की जा रही है कि टैक्स में छूट से घरेलू खपत बढ़ेगी जिससे 'ट्रंप टैरिफ' से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर कर (जीएसटी) 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा, तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें, तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपए तक की खपत बढ़ सकती है। इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो जाएगा। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटाकर 'शून्य जीएसटी' वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं।

इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योग केंद्र आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री-पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है। अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, पराठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटाकर शून्य किया गया है। हालांकि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। बीमा की दरें अब बहुत कम हो जाएंगी। देश में अभी 57 करोड़ से अधिक लोगों के पास स्वास्थ्य और करीब 31 करोड़ के पास जीवन बीमा है। कृषि, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जाएंगे। हालांकि 40 फीसदी का एक और स्लैब रखा गया है, जो सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक्स, पान मसाला, तंबाकू, गुटखा आदि विलासिता की वस्तुओं के लिए होगा। इस वर्ग में 350 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइक और निजी विमान भी शामिल हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्यार से मुझे बुलाया उसने अपने पास बिठाया

प्यार से मुझे बुलाया उसने अपने पास बिठाया उसने आवभगत अच्छे से करके घर से विदा कराया उसने. समझ नहीं पाया मैं उसको चुप्पी धारण अब करली है शायद गलती हो गई मुझसे तभी तो कुट्टी अब करली है. मन मेरा व्याकुल है जब से बात नहीं अब वो करती है सुने तो माफी मांग लूं उससे उसने जो सख्ती बरती है. मन में जो भी शंकाएं हो काश मुझे वो बतला देती पहली बार मिला था उससे इतनी बड़ी सज़ा ना देती.**जे डी कुदाल**

रंग बदलने में मनुष्य गिरगिट को मात

रंग बदलने में मनुष्य गिरगिट को मात कर सकता है.. अंतर बस इतना है रंग बदलने मे मनुष्य समय ज्यादा लेता है क्योंकि...गिरगिट सिर्फ रंग बदलने पर फोकस करता है जबकि मनुष्य पहले विश्वसनियता हासिल करता है बाद में रंग पे रंग बदलता है !! (और मनुष्य यदि राजनीतिज्ञ भी हो फिर तो कहना ही क्या)

सरिता त्रिवेदी

सूने जीवन की मैं उदासी

सूने जीवन की मैं उदासी,इच्छाओं का कोरापन खामोशी का राग बजे तो,बढ़ती जाए ये धड़कन पीर झरे नित इन आंखों से ये मन गीला हो जाए जीवन तेरे रंग हजारों समझ कोई कैसे पाए कभी किसी से कभी किसी से,ठनती रहती है अनबन । खामोशी का राग बजे तो। **निधि मानवी**

आजकल राजनीति मे चोर डकैत

आजकल राजनीति मे चोर डकैत अच्छे बन जाते है व्यापार मे भी चोर सम्मान पाते है समान्य व्यक्ति दोनो मे फस जाता है इसलिए वह मतदाता कहलाता है क्योंकि उसे नेता भी चाहिए व्यापारी भी शिक्षा मे डकैत स्वास्थ्य संस्थाओं मे लुटेरे राजनीति मे ज्यादातर लुटेरे। **आशुतोष श्रीवास्तव**

किसी न किसी के लिए नहीं

किसी न किसी के लिए नहीं, हर किसी के लिए ये एक बहुत बुरा दौर है सोचकर आँखें दिखाना सोचकर आँखें मिलाना सोचकर नज़र घुमाना सोचकर नज़र चुराना ये साल न तेरा है न ये साल मेरा है ये बीस-बीस का फेरा है। जहाँ वार पीठ पर नहीं सीधे सीने पर है। ये सदी का एक ऐसा दौर है किसी न किसी के लिए नहीं, हर किसी के लिए ये एक बहुत बुरा दौर है। **अनामिका चक्रवर्तीअनु**

अँधेरों से उजाला माँगती हूँ!

अँधेरों से उजाला माँगती हूँ! तेरी यादों का साया माँगती हूँ! कहो तुमसे भला क्या माँगती हूँ, मैं बस तुम से भरोसा माँगती हूँ! खुशी पूरी रखो तुम पास अपने, मगर ग़म तुमसे आधा माँगती हूँ! बिताया साथ में जो था तुम्हारे, वही इक दिन पुराना माँगती हूँ! मुझे सोना है सारे भूल कर ग़म, 'कमल' बाहों का तकिया माँगती हूँ! **रूबी झा 'कमल'**

चलो एक काम करते हैं दुनियां

चलो एक काम करते हैं दुनियां नीलाम करते हैं तुम मालिक मुख्तार बनो ऐसा इंतजाम करते हैं पर्वत-पहाड़ मेरे हो गए झरने तेरे नाम करते हैं धन दौलत तुम रख लो तुम्हें अपने नाम करते हैं तुम्हारी शोहरत जवां रहे हम एहतराम करते हैं मयखाने से बेहतर क्या चलो वहीं शाम करते हैं मतलब निकल जाने पे लोग बदनाम करते हैं। सनातनी तहजीब वाले सबसे राम-राम करते हैं उनका भरोसा मत करना जो वादे तमाम करते हैं बहुत हो चुकी बक-बक थोड़ा विश्राम करते हैं । **मनीष सिंह वंदन**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आपके लिए विविध कार्यों से सफलता दिला सकता है लेकिन आज दिन के आरंभ में ही किसी कुटुंबीजनों से झगड़ा होने का भय सताएगा।

वृषः आज के दिन आपका मन धार्मिक भावना से भरा रहेगा। लेकिन दैनिक जीवन की व्यस्तता के चलते इसके लिए उपयुक्त समय नहीं निकाल पाएंगे। फिर भी यथासंभव कुछ ना कुछ परोपकार अवश्य करेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपके शरीर में कुछ ना कुछ व्याधि लगी रहेगी। दिन के आरंभ से ही सर दर्द अथवा भारीपन अनुभव होगा सर्दी जुखाम की शिकायत भी हो सकती है।

कर्कः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा लेकिन आज छोटी-छोटी बातों पर परिजनों अथवा किसी अन्य से बहस करना भारी पड़ सकता है। अन्य लोग आज आपकी उद्दंडता को स्वीकार नहीं करेंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिए थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे बेमन से ही करेंगे। सेहत में छोटा-मोटा विकार आएगा।

कन्याः आज के दिन आपका बुद्धि विवेक प्रखर रहेगा सामाजिक क्षेत्र पर किसी विवाद को सुलझाने के के लिए आपका सहयोग लिया जाएगा।

तुलाः आज के दिन भी आपको व्यर्थ के कलह क्लेश का सामना करना पड़ेगा। परिजन आपसे किसी न किसी बात को लेकर असंतुष्ट ही रहेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन भी आपके लिए धन लाभ वाला ही रहेगा। लेकिन बीते दिन की तुलना में आज सुख सुविधा की कमी भी अनुभव करेंगे।

धनुः आज के दिन आपका स्वभाव एवं व्यवहार किसी को भी समझ में नहीं आएगा। मन में दुर्भावना विकसित होगी स्वजनों को भी अपराधी जैसी नजर से देखेंगे।

मकरः आज के दिन आप किसी निकटस्थ जानकार के प्रति ईर्ष्या की भावना से ग्रस्त रहेंगे। इस कारण किसी अन्य प्रियजन से मनमुटाव हो सकता है।

कुंभः आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। किसी भी कार्य में जोर-जबर्दस्ती ना करें ना ही किसी के ऊपर अनैतिक कार्य करने का दबाव डालें।

मीनः आज के दिन आपको अपने सामाजिक व्यवहारों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) विश्व का एकमात्र कौन-सा महाद्वीप जिससे कर्क रेखा, मकर रेखा और भूमध्यरेखा गुजरती है?

2) अंडर-23 कुश्ती विश्व चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन कहाँ हुआ था?

3) ओकावांगो डेल्टा किस देश में स्थित है?

4) सिया-सिया जनजाति किस देश की मूल जनजाति है?

5) 6 जनवरी 1935 में आंबेडकर आंदोलन में किसने सबसे पहले जय भीम का नारा दिया था?

उत्तरमाला- (1) अफ्रीका (2) तिराना, अल्बानिया (3) बोत्सवाना (4) इंडोनेशिया (5) बाबू हरदास एलएन (लक्ष्मण नागराले)

शब्द सागर

थल सेना शिविर के लिए 2 एनसीसी कैडेट्स का चयन

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो कैडेट्स सीक्यूएमएस नैवेद्य कुमार एवं सार्जेंट जागृति दीवान का थल सेना शिविर दिल्ली के लिए चयन हुआ है। प्रारंभ में ये कैडेट्स बिलासपुर में लगभग दो शिविर जो लगभग 20 दिनों तक चला, जिसमें इन्होंने सक्रिय भूमिका निभायी। तत्पश्चात लखौली आरंग के लिए चयनित हुए। वहां टीएससी 3, आईजीसी, डिकैट 1 एवं डिकैट 2 में बेहतर प्रदर्शन करने के पश्चात इन कैडेटों का ऑल इंडिया थल सेना शिविर नई दिल्ली के लिए चयन हुआ है। अभी कैडेट्स दिल्ली में अपने

महाविद्यालय सहित महासमुंद जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर बटालियन से कमांडिंग ऑफिसर, एडम ऑफिसर, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, डॉ. रीता पांडेय, डॉ. मालती तिवारी, डॉ. आर के अग्रवाल, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. ईपी चेलक, प्रो. मनीराम धीवर, प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो. राजेश्वरी सोनी, प्रो. सरस्वती सेठ, डॉ. जगदीश सत्यम, प्रो. मनबोध चौहान मुकेश साहू, केसर कश्यप, कुंदन देवांगन सहित महाविद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय आधारित वाद विवाद स्पर्धा का आयोजन अभनपुर में हुआ

अभनपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जन एवं आमजनों में जागरूकता लाने उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद स्पर्धा आयोजित की गई। स्कूली छात्र-छात्राओं के माध्यम से प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने विशेषकर सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आगे आने में उनकी भूमिका एवं कर्तव्य के निर्वहन कर पीड़ित व्यक्ति की समय सीमा अर्थात तत्काल अस्पताल पहुंचा कर जान बचाने के लिए आगे आने को प्रतिपादित-प्रदर्शित करने वाले वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण

समुदाय व पालकों में जागृति लाना है।

इसके तहत प्रदेश में 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, तेज रफ्तार, मोबाइल में बात करते हुए गाड़ी न चलाने एवं शराब सेवन कर वाहन न चलाने और यातायात के नियमों का पालन इत्यादि विषयों पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन अभनपुर के दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल भेलवाडीह अभनपुर में आयोजित हुई। जिसमे

यातायात शिक्षा पर जोर देते हुए प्रतिभागियों में अपने - अपने पक्ष और तर्क प्रस्तुत किए। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष शाला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम होंगे। विकासखंड धरसीवा में यह आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यातायात नियमों के पालन से ही बहुत हद तक अनावश्यक हो रहे आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है एवं यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करने की अपील की।

निर्णायक के रूप में पुलिस थाना अभनपुर से पुलिस अधिकारी भीम कुमार सोम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अभनपुर राकेश कुमार साहू, रेखराज साहू प्राचार्य दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल अभनपुर एवं अजीम प्रेम फाउंडेशन अभनपुर हेड मयंक मिश्रा ने महती भूमिका का निर्वहन करते हुए सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा हेतु आवश्यक सुझाव दिए एवं जिला स्तर पर प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया।

राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग के लिए 5 खिलाड़ियों का चयन

महासमुंद/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता पाटन में आयोजित किया गया है, जिसमें सुखरीडबरी बागबाहरा के 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में दारिनी पनुरिया कस्तूरबोड़, लोक दामिनी, राज नंदिनी सुखरीडबरी, राधा पटेल दावनबोड़, उमाशंकर अनवरपुर शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी शाउमा विद्यालय सुखरीडबरी में अध्ययनरत हैं। इन खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हुआ है। इससे पहले भी शाउमा विद्यालय सुखरीडबरी से खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि वेट लिफ्टिंग खेल को आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यालय को खेल सामग्री प्रदाय की गई है, जिससे खिलाड़ी विद्यालय में वेट लिफ्टिंग का अभ्यास शिक्षक आलोक द्विवेदी के नेतृत्व में करते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर डीईओ महासमुंद विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, प्राचार्य कोयल सिंह सबर,बीईओ के के वर्मा, सहायक बीईओ अधिकारी रामता प्रसाद मन्नाडे, कमल चक्रधारी, हिरेंद्र देवांगन, गणेश व संस्था के समस्त स्टॉफव ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

सामान्य सभा की बैठक 8 को

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत महासमुंद सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा की बैठक 8 सितंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में आयोजित है। बैठक में कृषि विभाग, सहकारिता व उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण विभाग से संबंधित और अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

21 को स्टाफ नर्स की भर्ती परीक्षा

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स के 225 पदों पर भर्ती निकली है। लोक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य स्वास्थ्य सेंटरों में इनकी नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल से 21 सितंबर को परीक्षा होगी।

पुलिस ने शराब किया बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने पोटापारा निवासी शिवप्रसाद थोरिया (45) से 20 लीटर महुआ शराब (कीमत 4000 रुपए) 36 नग जंबू गोवा अंग्रेजी शराब (कीमत 4320 रुपए)व 16 नग शोले प्लेन देशी शराब (कीमत 1280 रुपए) जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

गणेश जी की विदाई, पितृपक्ष 7 से

महासमुंद/नवप्रदेश। गणेश जी आज विदा होंगे। गणेश विसर्जन के बाद पितृपक्ष शुरू हो जाता है। 7 सितंबर को पूर्णिमा श्राद्ध से पितृपक्ष शुरू होगा। इस दिन चंद्रग्रहण भी पड़ रहा है। नगर पुरोहित पंकज तिवारी ने बताया कि चंद्रग्रहण में सूतक काल दोपहर 12.57 बजे से लग रहा है। ग्रहण स्पर्श रात्रि 9.57 बजे मध्यकाल 11.41 बजे तथा मोक्ष रात्रि 1.26बजे को होगा। चूंकि सूतक काल दोपहर 12.57 बजे से शुरू हो रहा है, इसलिए पूर्णिमा श्राद्ध पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सुबह समय में श्राद्ध कार्य किया जा सकता है।

चार कृषि केंद्रों को नोटिस

महासमुंद/नवप्रदेश। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ब्रजेश तुरकाने ने पिथौरा के उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित फर्म चंचला कृषि केंद्र लोहरीनडोंगरी, मुकेश कृषि सेवा केंद्र सोनासिल्ली के प्रतिष्ठान में पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया। इसके अलावा संबंधित फर्मों द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। इसी प्रकार चंचला कृषि केंद्र लोहरीनडोगरी एवं पटेल ब्रदर्स पिथौरा द्वारा बिना स्त्रोत के कीटनाशी दवा के विक्रय करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संबंधित फर्म से जवाब प्राप्त होने के पश्चात उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं कीटनाशी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राज्यपाल पुरस्कार मिला, क्षेत्रवासियों ने दी बधाई

गोपाल यादव को राज्य शिक्षक सम्मान

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य, अनुकरणीय अध्यापन एवं लोक सेवाओं के लिए राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार राज्यपाल शिक्षक सम्मान वर्ष 2024-25 हेतु प्रदेशभर के कुल 64 शिक्षकों का चयन किया गया। पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों में रायपुर जिले से गोपाल राम यादव प्रधानपाठक आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा विकासखंड अभनपुर जिला रायपुर का चयन हुआ। जिन्हें महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलों शाल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं ?21000 के चेक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, विधायक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

गोपाल यादव की शिक्षकीय यात्रा

सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा राजिम से गोपाल राम यादव की शिक्षकीय यात्रा प्रारंभ हुई। जहां आचार्य व प्रधानाचार्य के रूप में 6 वर्ष कार्य किया। वहां से शासकीय शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी वर्तमान में प्रधानपाठक के पद पर आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा में कार्यरत हैं।

अन्य महत्वपूर्ण वर्तमान दायित्व

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ के सह प्रांत कार्यवाह, अखिल भारतीय विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ प्रबंध कार्यकारिणी में, वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा के साथ राष्ट्र भाव का जागरण करने वाले एकल अभियान मध्य भाग छत्तीसगढ़ के संरक्षक, माधव सेवा समिति राजिम विभाग के सचिव सहित नगर एवं इस अंचल के विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

वर्तमान पदस्थापना की उपलब्धि

फरवरी 2015 शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा में स्थानांतरण से आए तब से जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से सतत संपर्क करके स्कूल भवन मैदान, शौचालय, शेड निर्माण, बाउंड्रीवॉल मरम्मत एवं नवनिर्माण कराकर शाला का भौतिक विकास तो किया ही अपने शिक्षकों से आत्मीयता पूर्वक कार्य व्यवहार एवं पारिवारिक भाव के साथ लगातार प्रशिक्षण जैसा बैठक लेकर शिक्षा के साथ संस्कार व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नगर में ख्याति बनाई। सतत अभिभावक संपर्क, बालिका दिवस, महिला दिवस, अंगना मा शिक्षा, पालक बैठक, मातृ पितृ सम्मेलन, विद्यारंभ संस्कार सहित महापुरुषों की जयंती और देशभक्ति व संस्कार देने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सामाजिक सहभागिता के साथ सतत करते हैं जिसके कारण यहां समाज का झुकाव विद्यालय की ओर है।

गोपाल यादव को राज्य शिक्षक सम्मान राज्यपाल पुरस्कार मिलने पर डॉ पूर्णेंदु सक्सेना क्षेत्र संघ चालक, टोपलाल वर्मा, चंद्रशेखर देवांगन, प्रांत कार्यवाह घनश्याम सोनी, इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, रोहित साहू विधायक राजिम, राजू सिंहा विधायक महासमुंद, संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक, चंदूलाल साहू अध्यक्ष भंडार गृह निगम, अशोक बजाज केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय सलाहकार समिति सदस्य, धनेश्वरी साहू बीईओ, राकेश साहू बीआरसीसी अभनपुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनायें दी।

एनसीसी ने मुझे अनुशासन, नेतृत्व व राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत किया : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय एनसीसी पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया, जो हर्षोल्लास एवं भावनात्मक मिलन का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू जी ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में महाविद्यालय के प्रति अपने गहरे जुड़ाव एवं एनसीसी में बिताए गए छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि, एनसीसी ने मुझे अनुशासन, नेतृत्व व राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत किया, जिसने मेरे राजनीतिक जीवन की नींव रखी। आज इस मंच पर अपने पुराने साथियों व प्रशिक्षकों से मिलना मेरे लिए अत्यंत भावुक एवं गर्व का क्षण है। श्रीमती साहू ने आयोजन की सराहना करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बीते दिनों की स्मृतियों को जीवंत करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, एनसीसी अधिकारी, पूर्व कैडेट्स, वर्तमान कैडेट्स एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया।

मड़वापथरा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ

21 साल का इंतजार हुआ खत्म

धमतरी/नवप्रदेश। मड़वापथरा ग्रामवासियों का 21 साल पुराना सपना आज साय सरकार के द्वारा साकार हो गया। ग्राम में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ धमतरी नगर पालिक निगम के महापौर रामू रोहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में रिबन काटकर तथा पूजा-अर्चना कर किया। इस मौके पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई और वे भावविभोर हो उठे। अब तक उन्हें खाद्यान्न सामग्री प्राप्त करने के लिए लगभग 10 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही यह सुविधा उपलब्ध होगी। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अब सीधे पात्र परिवारों तक पहुँचेगा। उन्होंने याद दिलाया कि दो माह पूर्व कसावाही में आयोजित बीज बोनी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इस दुकान को शुरू करने की घोषणा की थी, जो आज पूरी हो गई। ग्रामीणों ने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुकान के खुलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। परंपरागत ढोल-नगाड़ों और तालियों की गूंज के बीच जब महापौर ने रिबन काटा और पूजा-अर्चना की, तब वातावरण उत्साह और उमंग से भर गया।

सम्राट गणेशोत्सव समिति ने बांटी खीर पूड़ी

कुरूद/नवप्रदेश। गणेश उत्सव के अवसर पर सम्राट गणेश उत्सव समिति द्वारा आज त्रयोदशी शुक्रवार को खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में खीर पुरी का प्रसाद लेते हुए श्री गणेश भगवान के जय जयकारे लगाए। खीर पूड़ी वितरण में नन्हा चंद्राकर, प्रथम अग्रवाल, बाऊ देवांगन, शीबू चंद्राकर, रवि कुमार, प्रांजल चंद्राकर, मयंक वर्दियांनी, हिमांशु शर्मा आदि सदस्य जुटे रहे।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने जताया विधायक का आभार

महासमुंद/नवप्रदेश। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे के नेतृत्व में स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय में विद्यालयों का नवीनीकरण आदेश जारी कराने के लिए आभार व्यक्त किया है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले, जिला महामंत्री सुरेश, जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आरके तिवारी, उपाध्यक्ष मनोहर महंती, कुबेर गिरी गोस्वामी मौजूद रहे।

9 वर्षों से अग्र पुंज सम्मान देते आ रहे है पुत्र मनोज

कुरूद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन में विगत 9 वर्षों से छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्र समाज के 18प्रतिभाओं का सम्मान किया जा रहा है इसी में राजकुमार अग्रवाल द्वारा अग्र पुंज सम्मान जिसमें की प्रांतीय अग्रवाल समाज में 12वीं में सर्वश्रेष्ठ आने वाले छात्र को ?11000 रुपए एवं सम्मान प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया जा रहा है जिसमें की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह राष्ट्रीय

अध्यक्ष प्रदीप मित्तल गौरीशंकर अग्रवाल श्री संपत अग्रवाल जी श्री सियाराम अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल एवं सभी अतिथियों की आतिथ्य में रायपुर एन एस पैलेस में 18 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया श्री राजकुमा र जी अग्रवाल द्वारा विगत 9 वर्षों से यह सम्मान दिया जा रहा है अब उनके पुत्र मनोज राजकुमार अग्रवाल द्वारा प्रांतीय सम्मान किया गया कक्षा 12वीं में तमिल सूची में सर्वश्रेष्ठ कुमारी मीमांसा अग्रवाल द्वारा 96.6 प्रतिशत अंक लाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है एवं नित 2025 में 557 अंक लाकर उनका सिम्स बिलासपुर में एडमिशन हुआ है मीमांसा शुरू से ही मेहनत की और इस मुकाम को हासिल किया ।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

छुरा/ नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के साथ लंबे समय तक बल पूर्वक शारीरिक संबंध बनाए जाने का खुलासा हुआ है। इस दौरान युवती गर्भवती भी हो गई। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की उम्र महज 16 वर्ष है। किशोरी ने पुलिस को लिखित में आवेदन देकर बताया है कि आरोपी किशन गोड पिता भगवानी गोड ने उसे बहला-फुसलाकर शादी करने का झांसा दिया और पत्नी बनाकर रखने की बात कही। इसी बहाने वह लंबे समय तक उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। किशोरी

ने अपने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि इस दौरान वह गर्भवती हो गई है।

अब हालत यह है कि पीड़िता लगभग 6 माह की गर्भवती है। इस परिस्थिति ने न सिर्फ उसके परिवार बल्कि पूरे समाज को गहरी चिंता में डाल दिया है। नाबालिग होने के कारण कानूनन उसकी शादी नहीं हो सकती, वहीं गर्भावस्था के इस दौर में उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ना स्वाभाविक है। कानूनी प्रावधानों के अनुसार, नाबालिग से जबरन संबंध बनाना, शादी का झांसा देकर शोषण करना और उसके परिणामस्वरूप गर्भवती कर देना, गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। यही वजह है कि किशोरी ने साहस दिखाते हुए छुरा थाना में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया और आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की।

पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज : छुरा थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(ड), (ज), 69 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अंधेरगर्दी... अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को बताएं बिना दिया इस काम को अंज़ाम

जनपद पंचायत के बाबू और चपरासी ने बेच दिए 25 क्विंटल सरकारी दस्तावेज

- **शासन के मद में जमा होने वाला 25 हजार 400 भी डकार गए**

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत के बाबू और चपरासी ने मिलकर शासन के मापदंडों को दरकिनार कर बिना स्वीकृति लिए ही 25 क्विंटल शासकीय रिकॉर्ड, दस्तावेजों और शासन की योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण पुस्तकों को चुपके चुपके कबाड़ में बेच डाला। यही नहीं बेचे गए रिकॉर्ड और दस्तावेज से मिले 25 हजार 400 रुपये जो शासन के मद में जमा किया जाना था उस राशि को भी कर्मचारियों ने मिलकर डकार गए।

महासमुंद जनपद पंचायत में कार्यरत सहायक ग्रेड- 3 राजेश गजभिए (बाबू) और चपरासी ने मिलकर जनपद पंचायत

के प्रस्ताव के बिना और अधिकारी को बताएं बगैर ही जनपद पंचायत के 25 क्विंटल महत्वपूर्ण रिकार्ड, दस्तावेज और शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए पंचायतों में वितरण किए जाने वाले पुस्तकों को चोरी छिपे कबाड़ को बेच दिया गया। और इसकी भनक जनपद सीईओ तक को नहीं लगने दी। बाबू के कहने पर चपरासी ने 10 अगस्त को बाजार वार्ड स्थित एक कबाड़ व्यवसायी दीपक साहू से रद्दी बेचने का सौदा किया। व्यवसायी ने एक मजदूर को ठेला सहित जनपद पंचायत पहुंचने को कहा। जनपद पहुंचकर मजदूर ने देखा कि अधिक मात्रा

में रिकॉर्ड, दस्तावेज और पुस्तक है। मजदूर ने व्यवसायी को बताया कि ठेले में दस्तावेजों को नहीं ले जा सकते। इसके कबाड़ व्यवसायी ने एक मिनी माल वाहक भेजा। मजदूरों ने वाहन को सरपंच सदन के पास पहुंचा और रिकॉर्ड, दस्तावेज और पुस्तक सब भरकर रायपुर रायपुर के लिए रवाना हो गया। कबाड़ व्यवसायी दीपक साहू ने बताया कि 25 क्विंटल रद्दी के एवज में राजेश गजभिए को 25 हजार 400 रुपये भुगतान किया। जबकि शासकीय रिकॉर्ड या दस्तावेजों को बेचने से पहले जनपद पंचायत के सामान्य सभा में प्रस्ताव लाया जाता है। इसके बाद विभागीय प्रक्रिया के तहत एक समिति गठित कर दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करा कर बेचा जाता है। लेकिन महासमुंद जनपद पंचायत के एक बाबू ने नियम विरूद्ध बिना किसी प्रक्रिया अपनाएं ही दस्तावेजों को बेच दिया। शासकीय रिकॉर्ड और दस्तावेज बेचने के बाद मिले राशि को शासकीय मद में जमा किया जाना था लेकिन शासकीय धन को बाबू और चपरासी मिलकर डकार गए।

इस मामले में पूर्व जनपद सदस्य योगेश्वर चंद्राकर ने कहा कि, शासन का कोई भी सामग्री बेचने से पहले जनपद के सामान्य सभा में लाया जाता है। प्रस्ताव पारित होने के बाद एक समिति गठित कर उसका भौतिक सत्यापन कराएं जाने के बाद ही कबाड में बेचा जा सकता है। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर का कहना जनपद का रिकॉर्ड, दस्तावेज और पुस्तकों में बहुत से महत्वपूर्ण रिकार्ड दस्तावेज हो सकता है। अगर इस तरह के कृत्य में बाबू और चपरासी शामिल है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। बिना जानकारी के जनपद के किसी भी संपत्ति को बेचना कानून अपराध है। इसकी लिखित शिकायत उच्च स्तरीय अधिकारियों से की जाएगी। अब देखना है कि नियमों की विरूद्ध शासकीय रिकॉर्ड और दस्तावेज बेचने के मामले में संबंधित बाबू और चपरासी के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं। या फिर मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा।

यह जांच का विषय है। विभागीय

एनएचएम 25 कर्मचारियों की बर्खास्तगी अन्यायपूर्ण: राकेश

महासमुंद/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने प्रदेश में राष्ट्रीय

स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हड़ताली 25 कर्मचारियों की बर्खास्तगी को कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों की सेवा अत्यंत जरुरी सेवाओं में से एक है । कर्मचारी अपने नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं और सरकार उनकी मांग मानने की बजाय उन्हें सेवा से पृथक कर रही है, जिससे साफ तौर पर दिखता है कि सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य के प्रति किस तरह लापरवाह है। उन्होंने कहा कि सरकार की स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता इस बात से भी झलकती है कि छत्तीसगढ़ में 10 मेडिकल कॉलेज हैं। सभी कॉलेजों में कॉलेज प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर सहित 642 पद रिक्त हैं। राजधानी के मेकाहारा में लगभग 50 डॉक्टरों के पद खाली हैं। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक भी डॉक्टर रेगुलर नहीं और जितनी भी प्रकार की सेवाएं एमआरआई, सिटी स्कैन, सोनोग्राफी और ब्लड टेस्ट सहित अनेक सेवाएं आउटसोर्सिंग के माध्यम से ली जाती है। अभी कुछ दिन पहले ही मेकाहारा की 80 करोड़ की मशीन आउट डेटेड हो गई।

सिरदर्द का इलाज कराने भर्ती महिला की डॉक्टर ने कर दी सिजेरियन डिलीवरी, मौत के बाद परिजनों ने किया चक्काजाम

शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों का विधायक दीपेश ने लिया जायजा

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज 6 सितम्बर को बेमेतरा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए विधायक दीपेश साहू ने कृषि मंडी प्रांगण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी गैदराम चतुर्वेदी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांगे, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को मंच, सजावट, अतिथि स्वागत, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की बैठने की व्यवस्था और जलपान की सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर शहर मंडल भाजपा अध्यक्ष युगल देवांगन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, पार्षद पंचू साहू, सोसायटी अध्यक्ष दोहाई वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शुक्रवार को निजी अस्पताल के स्टाफकी लापरवाही से महिला की मौत हो गई। इस मामले को लेकर गुस्साए लोगों ने नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। सड़क पर महिला की लाश रखकर प्रदर्शन कर रहे परिजन मृतका के पति ओम पटेल और पिता ओम प्रकाश कवंर निवासी ग्राम मेरेगाँव, डोंगरगढ़ ने श्री कृष्णा और संजीवनी हॉस्पिटल पर संगीन आरोप लगाए। उन्होंने अस्पताल का लाइसेंस रद्द करने की मांग की।

परिजनों के मुताबिक 21 वर्षीय सरोज कंवर गर्भ से थी। शनिवार को आधी रात सिर में दर्द के कारण उसे श्री कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने सिरदर्द का इलाज करने के बजाय सिजेरियन डिलीवरी कर दिया। ऑपरेशन से महिला की तबीयत और बिगड़ गई और वह अचेत अवस्था में चली गई। इस बात का आरोप लगाया। इस पर प्रबंधन ने महिला मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दे दी। परिजनों के तैयार न होने के बावजूद महिला मरीज को एंबुलेंस में चढ़ा दिया गया। बाद में परिजनों ने आनन फानन में रविवार को दोपहर चिखली स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। यहाँ भी महिला अचेत अवस्था में थी। डॉक्टर ने महिला का ब्रेन डेड होने की जानकारी दी।

ब्रेन डेड होने के बाद भी करते रहे इलाज का दिखावा

एक्सपर्ट के अनुसार ब्रेन डेड पेशेंट के मस्तिष्क की मृत्यु हो चुकी होती है और वे अपने आसपास के वातावरण के प्रति कोई प्रतिक्रिया नहीं कर सकते हैं। चिकित्सा क्षेत्र में ब्रेन डेड पेशेंट को मृत माना जाता है, क्योंकि उनके मस्तिष्क की मृत्यु हो चुकी होती है और वे कभी भी होश में नहीं आ सकते हैं। ऐसे में डॉक्टर तत्काल परिवार को सूचना देते हैं। लेकिन इस केस में ऐसा नहीं हुआ। जानकारी होते हुए भी महिला मरीज को अस्पताल में ही कई दिनों तक रखा गया, जो कि गलत है।

शुक्रवार को सुबह संजीवनी हॉस्पिटल में महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने आक्रोश में आकर कृष्णा हॉस्पिटल के सामने नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर दिया।

आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद नगद राशि ली गई

परिजनों ने बताया कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के लिए उनसे नगद रुपए लिए। कृष्णा हॉस्पिटल प्रबंधन ने उन्हें लगभग 80 हजार रुपए का बिल थमाया। पैसे से मजदूरी करने वाले परिजनों के लाख मिन्नतों के बावजूद अस्पताल प्रबंधन बिल राशि कम करने को तैयार नहीं हुआ। मामले को लेकर किसी तरह का विरोध ना हो, इसलिए अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से कोरे कागज पर दस्तखत करवा लिया। परिजनों के मुताबिक सिजेरियन डिलीवरी से बेटा हुआ है, जिसकी हालत भी नाजुक है।

समाजसेवी संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

परिजनों के साथ मिलकर समाजसेवी संगठनों द्वारा श्री कृष्णा हॉस्पिटल के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया और अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। लोगों में आक्रोश को देखते हुए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस से अधिकारियों की टीम मौके पर भेजी गई। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी रुकने को तैयार नहीं थे, क्योंकि अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई भी डॉक्टर सामने नहीं आ रहा था। स्वास्थ्य विभाग से आए अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने कहा कि मामला गंभीर है। आरोप के आधार पर श्री कृष्णा और संजीवनी हॉस्पिटल मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी।

न्यूज गैलरी

प्रदीप को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार

बेमेतरा। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रपति पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बेमेतरा जिला से स्काउट प्रदीप साहू (शा उ मा वि बैजलपुर) को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हुआ। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने राष्ट्रपति पुरस्कार का वितरण किया। पुरस्कार के प्रमाण पत्र महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं। भारत मंडपम में आयोजित समारोह में भारत स्काउट्स एवं गाइडस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जैन, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ के के खंडेलवाल सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे। प्रदीप साहू को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर जिला मुख्य आयुक्त प्रनीष रजक, जिला शिक्षा अधिकारी गैदराम चतुर्वेदी, सचिव अमित क्षत्रीय, संयुक्त सचिव उर्मिला दिवाकर, संगठन आयुक्त फनेन्द्र कुमार लोधी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश साहू के साथ जिला के स्काउट्स एंड गाइड्स ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची नींव : उपमुख्यमंत्री

शिक्षक दिवस पर शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के अवसर पर कवर्धा में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौक में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में सितंबर 2024 से अगस्त 2025 के बीच सेवानिवृत्त हुए 70 शिक्षकों को शाल-श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा सत्र 2024-25 में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले 20 विद्यालयों के प्राचार्यों का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, लोकचंद साहू, पार्षद अजय ठाकुर,

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार प्राप्त करने वालों में रानी शर्मा, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मैनपुर, प्रदीप कुमार चंद्रवंशी, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला पालीगुड़ा, योगिता पटेल, सहायक शिक्षक शास.प्रा.शा. मोहगांव, कैलाश मरावी, सहायक शिक्षक शास.प्रा.शा. बड़ चारभाटा, ज्योति मंडावी, सहायक शिक्षक शास.प्रा.शा. लाखाटोला, ललित मेरावी, सहायक शिक्षक शास.प्रा.शा. जीताटोला, उमेश कुमार, सहायक शिक्षक शास.प्रा.शा. बोदलापानी, धनेश्वरी पत्ते, प्रधान पाठक शास.प्रा.शा. दर्रई, झाड़ूराम साहू, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला तिलईभा, बिंदु राजपूत, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सिंगनडबरी, प्रतिमा शर्मा, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला दलपुरवा शामिल हैं। ज्ञानदीप पुरस्कार से लेखराम जायसवाल, शिक्षक शास.पू.मा. शाला, सौरभ श्रीवास्तव, शिक्षक शास.पू.मा. शाला बड़ौदाकला और विद्या साहू, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरीकला को सम्मानित किया गया।

सतविंदर पाहुजा, सुरेश दुबे, आदित्य श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची नींव हैं। शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि संस्कार और जीवन मूल्यों की धरोहर है, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी शिक्षक ही आगे बढ़ाते हैं। समाज के प्रत्येक सफल व्यक्ति के पीछे किसी न किसी शिक्षक का मार्गदर्शन और प्रेरणा होती है। शिक्षक जीवन जीने की कला और आदर्शों का भी संचार करते हैं। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एफ्फ़ार वर्मा और सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, डीजी पात्रा व एमआईएस प्रशासक सतीश यदु, डी.एम.सी. नकुल पनागर, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कवर्धा संजय जायसवाल सहित जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक भावना ने किया प्राचार्यों और शिक्षकों का अभिनंदन

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत के महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती और उनकी स्मृति में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा शिक्षक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत समस्त शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थ प्राचार्यों और शिक्षकों को शिक्षित व सभ्य समाज के निर्माण में अतुलनीय भूमिका निभाने के लिये अभिनंदन किया गया। विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा के लगभग 1500 से अधिक प्राचार्य और शिक्षकों का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। पंडरिया के 20 शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य व विशेष योगदान के लिए शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में लगभग 2000 से अधिक शासकीय शिक्षक, प्राचार्य, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मखियार मेहतर समाज ने भवन निर्माण के लिए 50 लाख की मांग की

राजनांदगांव। मखियार मेहतर समाज ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख की मांग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की है। समाज ने उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही इस कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाएगी। राजनांदगांव प्रवास के दौरान समाज के अध्यक्ष बबीता विनोद कुलदीप के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बलदेव बाग क्षेत्र में समाज की 371.75 वर्ग मीटर भूमि है। यहां सामुदायिक भवन निर्माण के लिए लगभग 50 लाख रुपये की लागत का अनुमान है। बबीता कुलदीप ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह करते हुए कहा कि यह भवन समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

एसी कमरे में नहीं बनेगी मंडल कांग्रेस कमेटियां : छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा जिले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन का काम तेज कर दिया है। छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा, सांकरा, भिंभौरी, गुधेली क्षेत्र में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर स्पष्ट कहा कि कांग्रेस कमेटी का गठन पूर्व की तरह एसी कमरों में बैठकर या पैराशूट लैंडिंग से उतरे नेताओं को लेकर नहीं किया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस

कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी का स्पष्ट निर्देश है कि मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन संबंधित मंडल और सेक्टर क्षेत्र में कार्य करने वाले जनता के बीच लोकप्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ही पदाधिकारी बनाया जाए। ताकि, वे क्षेत्र की समस्याओं के प्रति सजग रहें। जनहित की लड़ाई लड़ने में सक्षम रहें। कांग्रेस की रीति-नीति को आत्मसात करने के साथ ही गरीबों, किसानों और दलित वर्गों, पिछड़े वर्गों की लड़ाई लड़ने वाले कर्मठ कार्यकर्ता को ही मंडल कांग्रेस कमेटी में पदाधिकारी बनाया जाएगा। आशीष ने कार्यकर्ताओं को बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को आम जनता का जबर्दस्त जन समर्थन मिल रहा है। इस जन आंदोलन को बेमेतरा जिले में भी आम जनता के बीच लेकर जाना है। आम जनता को बताना है कि भाजपा के लोग किस तरह से वोट चोरी करते हैं और लोकतंत्र का गला घोंटकर सत्ता चला रहे हैं। बैठक में ललित विश्वकर्मा, रवि परगनिहा, रामेश्वर देवांगन, भरत पटेल, प्रवीण शर्मा, चंद्र विजय धीवर नेतराम निषाद राधे ध्रुव संदीप राजपूत विनोद चतुर्वेदी चंद्रशेखर परगनिहा टिकेंद्र परगनिहा कमलेश वर्मा कृष्णा परगनिहा चंद्र प्रकाश परगनिहा अर्पित परगनिहा सुमित राजपूत प्रकाश यादव उत्कल धीवर दुलारी वर्मा नरेंद्र धीवर मोहित साहू अर्चना देशलहरे मोनल सिन्हा विक्की साहू गीता साहू नारायण पाल बबली सोनवानी जागेश्वर पटेल जितेंद्र जोशी डेविड महिलांग बलदाऊ पटेल नरेंद्र धीवर प्रवीण शर्मा चेतन बंजारे राजेंद्र वर्मा रामस्वरूप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

शिक्षक नदारद, डीईओ ने भेजा नोटिस

खैरागढ़। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने कन्या शाला में छ.ग. राज्य स्थापना के 25 वर्ष हेतु आयोजित रजत जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के निरीक्षण के दौरान डीईओ द्विवेदी ने हाईस्कूल मडौदा का निरीक्षण किया। यहां एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक को मध्यान्ह भोजन संचालन हेतु दिशा-निर्देश देते हुए शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक कर मध्यान्ह भोजन समूह को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत नियमानुसार कार्य करने का निर्णय लेने निर्देशित किया। प्राथमिक शाला धनगाँव, पूर्व माध्यमिक शाला धनगाँव के निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शाला समय पूर्व ही बंद पाया गया। यहाँ प्रधानपाठक अंशुल गुप्ता और शिक्षक मुकेश लोधी अनुपस्थित मिले।

शिक्षा गौरव अलंकरण और शिक्षक सम्मान समारोह में 318 शिक्षकों का सम्मान

बालोद/नवप्रदेश। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर आज 5 सितंबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में जिला स्तरीय शिक्षा गौरव अलंकरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के अलावा जिला स्तर पर ज्ञानदीप पुरस्कार एवं विकासखण्ड स्तर पर 'शिक्षा दूत' पुरस्कार के लिये चयनित शिक्षकों सहित जिले के कुल 318 शिक्षकों को सम्मानित किया

गया। समारोह में शिक्षादूत पुरस्कार के लिए तीन-तीन प्रत्येक विकास खंड के प्राथमिक शाला के 03-03 शिक्षकों के अलावा ज्ञानदीप पुरस्कार हेतु पूरे जिले के 03 शिक्षकों सहित जिले के उत्कृष्ट 01-01 प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी सम्मानित शिक्षकों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत के सीईओ सुनील चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल कक्षा तक सीमित नहीं होते, बल्कि वह एक अच्छे मार्गदर्शक और सलाहकार भी होते हैं। बच्चों की सफलता में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि उनकी सफलता में उन्हें बचपन में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक छात्रों को सही राह दिखाकर शैक्षणिक, बौद्धिक, नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। इससे सभ्य समाज का निर्माण होता है।

बौद्ध विहार में बनेगा सामाजिक भवन : महापौर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वार्ड 16 तुलसीपुर बौद्ध विहार में सामाजिक भवन निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष व वार्ड पार्षद टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित सामाजिक बंधुओं व पार्षदों की उपस्थिति में आज भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि बौद्ध समाज की मांग पर अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख की लागत से सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। समाज के विकास में वरिष्ठ लोग पदाधिकारी और वरिष्ठ लोग समाज के निम्न वर्ग के व्यक्ति की

चिंता कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करें, तभी समाज की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पाण्डे ने विभिन्न समाज के भवन निर्माण के लिए समय समय पर राशि स्वीकृत की है। अध्यक्ष पारस वर्मा ने सामाजिक भवन के लिए समाज को बधाई देते हुए कहा कि भवन का निर्माण बहुत जल्द किया जाएगा, जिससे समाज को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, डिलेश्वर साहू, पार्षद कमलेश बंधे व मनोहर यादव, पूर्व पार्षद विजय राय के अलावा समाज के अध्यक्ष महेन्द्र नागदेवे, उपाध्यक्ष पुष्पलता गणवीर, प्रकाश मेश्राम, सचिव रवि गणवीर, कोषाध्यक्ष सुदेश रामटेके, उप सचिव सुरेन्द्र रामटेके, महिला अध्यक्ष माया देवी निकोसे सहित समाज के अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

प्रथम पेज का शेष

भारत-रूस को हमने ...

का सिलसिला बंद करने का भी दबाव डाला था। भारत ने ट्रम्प के ताजा बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

मोदी की चीन यात्रा में बड़ा बदलाव

विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप के कड़े टैरिफ और उनके सहयोगियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी और भारत पर लगातार टिप्पणियों ने भारत को चीन और रूस के अमेरिका-विरोधी गुट की ओर और नजदीक कर दिया है। 7 साल बाद प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा ने रिश्तों में बड़ा बदलाव दिखाया है। गलवान संघर्ष के बाद जो कड़वाहट दोनों देशों के बीच बनी थी, वह तिआनजिन में कहीं दिखाई नहीं दी। शी जिनपिंग ने पीएम मोदी का बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया, जो अन्य नेताओं के मुकाबले खास था।

ट्रंप के करीबी नवारो ...

लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों से गुजरा है, लेकिन हमेशा मजबूत रहा है। भारत चाहता है कि यह साझेदारी आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ती रहे। उन्होंने एच-1बी वीजा के मामले में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच गतिशीलता साझेदारी इस रिश्ते का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

जीएसटी काउंसिल की ...

और देश की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जीएसटी सुधार केवल कर संरचना का सरलीकरण नहीं है, बल्कि यह इज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने और राज्यों तथा देश की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने का माध्यम है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में व्यापक सुधारों का आह्वान किया था। जीएसटी की बैठक में उस संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और ठोस कदम साबित हुई है। बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्रियों, राजस्व विभाग के सचिव, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य तथा वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

धनबाद में भू-धंसान से ...

जिंदा नहीं बचा है। यह हादसा सुरक्षा मानकों की गंभीर लापरवाही का परिणाम प्रतीत होता है। पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच होगी और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। खदान नंबर चार के पास हादसा उस वक्त हुआ, जब सर्विस वैन मजदूरों को लेकर खदान क्षेत्र से बाहर निकल रही थी। अचानक मिट्टी खिसक गई और वाहन गहरी खाई में गिर पड़ा। घटना की गंभीरता को देखते हुए बीसीसीएल प्रबंधन ने आपात बैठक बुलाई। इस बीच कंपनी के वरीय अधिकारी रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूरे दिन चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बावजूद खाई में गिरी वैन और उसपर सवार लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद धनबाद के सांसद दुल्लू महतो भी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि पहले ही नजर में यह बात साफ है कि यह हादसा सुरक्षा मापदंडों के उल्लंघन के कारण हुआ है। उन्होंने इस मामले में अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। दूसरी घटना भी इसी घटनास्थल से करीब आधा किमी दूर रामकनाली ओपी के बाबू बांग्ला के पास हुई, जहां अचानक तेज आवाज के साथ करीब 300 मीटर दायरे में जमीन धंस गई। इससे आधे दर्जन घर जमींदोज हो गये। इस हादसे में 4 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस हादसे के बाद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कोयला क्षेत्र में जमीन के नीचे लगी आग के कारण यह इलाका डेंजर जोन में शामिल है। 27 अगस्त को केंदुआ कुसुंडा एरिया-6 के गोधर में अचानक जमीन धंसने से अंजू देवी 15 फीट गड्ढे में समा गई थीं। उन्हें बड़ी मुश्किल से बचाया गया था। इसके पहले 18 अगस्त को जोगता थाना क्षेत्र में भू-धंसान से एक घर पूरी तरह जमींदोज हो गया था, जबकि पांच घर क्षतिग्रस्त हो गए थे।

सीएम साय ने मिशन ...

की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन की इस विशेष पहल की सराहना करते हुए कहा कि इन समझौतों का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं उत्साह को बढ़ाना है।

अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन ले प्रेरणा- सीएम : सीएम ने कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ के बच्चे केवल ज्ञान के उपभोक्ता नहीं, बल्कि नए विचारों और खोजों के सृजनकर्ता बनेंगे। यही आत्मनिर्भर भारत और विज्ञान-आधारित समाज की सच्ची नींव है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से आह्वान किया कि वे शुभांशु शुक्ला से प्रेरणा लेकर अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपना और देश का नाम ऊंचा करें।

म्युल एकाउंट का उपयोग ...

राजपूत और मिथलेश साहू की विशेष भूमिका रही।

गातापार जंगल से समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का शुभारंभ

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में जारी समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चिन्हित वनांचल ग्राम गातापार जंगल से अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिपं सभापति अरुणा बनाफ, सरपंच उपसरपंच, पंचगण, विद्यालय प्राचार्य शिक्षक और स्वास्थ्य विभाग अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन, नोडल अधिकारी दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव, नेत्र सहायक विनय रामटेके व अन्य अधिकारी सम्मिलित हुए।

एमआईसी मेंबर ने बंद कराया निजी टेलीकॉम कंपनी का काम

दुर्ग/नवप्रदेश। वाई-फाई और मोबाईल नेटवर्क सुविधा देने के नाम पर एयरटेल कंपनी द्वारा शहर के कई वार्डों में मनमाने तरीके से सड़क की खुदाई की जा रही है। फायबर केबल बिछाने के साथ ही रोड के दोनो ओर बेतरतीबी से पोल भी लगाए जा रहे हैं। कंपनी के कर्मी ऐसे रोड पर पोल लगा रहे हैं, जिसका चौड़ीकरण कार्य प्रस्तावित है या काम शुरू होने वाला है। अंडरग्राउंड केबल के लिए वाटर पाइपलाइन को भी तोड़ा जा रहा है। इन शिकायतों से नाराज नगर निगम की जलगृह प्रभारी वार्ड 4 की पार्षद लीना दिनेश देवांगन ने गया नगर क्षेत्र में चल रहे खुदाई का काम बंद करा दिया है।

इस मामले की शिकायत निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से भी की गई है। लीना देवांगन ने कंपनी के कामकाज की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। एमआईसी मेंबर लीना दिनेश देवांगन ने बताया कि स्थानीय निवासियों के विरोध के बावजूद एयरटेल कंपनी द्वारा शिव नगर में मोबाइल टावर लगा दिया गया। टावर से आसपास के कई वार्डों में आउटडोर व अंडरग्राउंड केबल लगाने का कार्य दो स्तरों पर किया जा रहा है।

बघेरा से गयानगर तक डोंगिया बांधा तालाब के किनारे प्रस्तावित चौड़ीकरण मार्ग में बेतरतीबी से खंबे खड़े कर दिए गए हैं। मार्ग विस्तारीकरण कार्य स्वीकृत हो चुका है। शिव नगर में सड़क किनारे खाली जमीन पर पेवर ब्लाक लगाने का कार्य भी दो दिन बाद शुरू होने वाला है। कंपनी के कर्मचारियों ने सड़क की खुदाई कर तहसनहस कर दिया है। कुछ स्थानों पर पाइपलाइन भी फूट गई है। कई स्थानों पर नाली निकासी की जगह पर खंबे गाड़ दिए हैं।

राजीव नगर, मठ पारा, मरार पारा, गिरधारी नगर, उरला बघेरा क्षेत्र में एयरटेल कंपनी का काम हो रहा है। वार्ड पार्षदों को इसकी जानकारी तक नहीं दी जा रही है। निगम के इंजीनियरों से ले-आउट लेकर भी काम नहीं किया जा रहा है। इसके कारण सड़क-नाली क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इससे आम जनता में भारी नाराजगी है। लीना देवांगन ने निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से इस मामले की शिकायत करते हुई कंपनी की मनमानी पर रोक लगाने और कार्यवाही की मांग की है।

बीएसपी के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने लॉन्ग रेल उत्पादन में रचा इतिहास

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी की रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने अगस्त 2025 में 20,000 टन से अधिक उच्च गुणवत्ता वाली लॉन्ग रेल का उत्पादन कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस रिकॉर्ड उत्पादन के साथ ही मिल ने भारतीय रेलवे को एक ही माह में 20 यूरो रेक प्रेषित कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

इस उपलब्धि ने भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थिति को भारत के रेल बुनियादी ढांचे की रीढ़ के रूप में और सुदृढ़ किया है। यह सफलता आरएसएम के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता, अटूट गुणवत्ता मानकों और समर्पण का परिणाम है।

अगस्त माह में रेल और स्ट्रक्चरल मिल ने न केवल अब तक का सर्वाधिक वेल्डेड पैनल उत्पादन दर्ज किया, बल्कि लॉन्ग रेल के क्षेत्र में भी सर्वोत्तम स्तर प्राप्त किया है। लॉन्ग रेल पटरियों का उत्पादन देश भर में सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गति वाली रेलगाडियों के संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 20,000 टन से अधिक उत्पादन और 20 यूरो रेक प्रेषण के साथ बीएसपी ने भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण अभियान को नई गति दी है। इस सफलता के केंद्र में संयंत्र प्रबंधन का सशक्त नेतृत्व और सामूहिक टीम वर्क रहा।

मुख्य महाप्रबंधक आरटीएसद्ध तीर्थंकर दस्तीदार के मार्गदर्शन में मिल ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए। उनके साथ महाप्रबंधक मिल एवं फर्नेस प्रशांत खोंड, महाप्रबंधक यांत्रिकी वीएस विनय कुमार महाप्रबंधक प्रचालन प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक विद्युत नितिन खरे, महाप्रबंधक लॉन्ग रेल फिनिशिंग एमके साहू महाप्रबंधक आरटीएस एस गुप्ता और अतुल दुब महाप्रबंधक आरसीएल केवी शंकर व महाप्रबंधक आरसीएल जेके वर्मा ने अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व कर इस कीर्तिमान को संभव बनाया।

न्यूज गैलरी

आज बंद रहेगी पशुवध गृह और मांस विक्रय दुकानें

दुर्ग। अनंत चतुर्दशी पर नगर निगम सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह और मांस विक्रय की दुकानें 6 सितम्बर को बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समस्त पशु वध गृह और मांस बिक्री की दुकानें बंद रखे जाएं। शनिवार को पशु वध गृह और मांस विक्रय की दुकानों की निगरानी करने और दुकानें खुली होने पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

तालाब में डूबने से सीएसवीटीयू उप-कुलसचिव भास्कर की मौत

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के उप-कुलसचिव भास्कर चंद्राकर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हादसा ग्राम पतोरा में हुआ। 4 सितंबर की शाम कार्यालयीन कार्य निपटाने के बाद प्रोफेसर चंद्राकर मुख्य वित्त अधिकारी के साथ उतई स्थित अपना प्लॉट देखने गए थे। लौटते समय पतोरा गांव के तालाब में कमल तोडऩे के लिए उतरे, लेकिन दलदल और कमल की जड़ों में फंस गए। उन्होंने बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन वे पानी में डूब गए। सहकर्मी और ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालकर सीपीआर दिया और निजी अस्पताल ले गए। उन्हें बीएसपी सेक्टर-9 अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित नवजीवन कॉलोनी निवास ले जाया गया।

अंकुश ने बनाई महाभारत लिखते भगवान गणेश की सूक्ष्मतम प्रतिमा

भिलाई। डॉ अंकुश देवांगन ने भगवान गणेश द्वारा महाभारत की गाथा लिखते हुए संगमरमर पत्थर की अद्भुत सूक्ष्मतम प्रतिमा बनाई है। चने के दाने के बराबर इस कृति को कलाकार ने अपने ऊंगली के नाखून पर स्थापित किया है। अंकुश बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान होने वाले जल प्रदूषण से लोगों को जागरूक करने के लिए सूक्ष्म मूर्तियां बनाते हैं। ताकि, आने वाली पीढ़ी को हम स्वस्थ धरती दे सकें। उनकी कला की विशेषता है कि सूक्ष्मता के बावजूद भी उसमें समस्त अवयव विद्यमान होते हैं। बनाई गई मूर्ति में भगवान गणेश के आंख, सूंड, हाथों में कलम और मोदक व गोदी में महाभारत पुस्तक परिलक्षित हो रहे हैं।

विसर्जन करने तालाबों में बने कुंड

दुर्ग। गणेश विसर्जन को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा कई स्तरों पर व्यवस्था की जा रही है। आगामी 6 व 7 सितंबर को गणेश विसर्जन के लिए शिवनाथ नदी, कसारीडीह तालाब, वार्ड 56 और 57 के तालाबों में निर्मित विसर्जन कुंड बनाए गए हैं। नगर निगम की टीम विसर्जन स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था कर रही है।

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम को नोडल अधिकारी बनाया है। शिवनाथ नदी वार्ड 55 पुलगांव में गुरुद्वारा के पास शिवनाथ नदी पर मूर्ति विसर्जन के लिये पहुंच मार्ग समतलीकरण, अस्थायी कुण्ड निर्माण, वॉटर प्रूफ शामियाना, अनाउंसमेंट के लिये साउंड सिस्टम और कुर्सी, टेबल की व्यवस्था के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था करेंगे। विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकडऩे के लिये भी टीम बनाई गई है।

फर्जी सीबीआई अधिकारी ने डिजिटल अरेस्ट कर भिलाई में की 55 लाख की ठगी

दुर्ग पुलिस ने 7 वें आरोपी को पकड़ा

भिलाई/नवप्रदेश। नेवई थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में सातवें आरोपी लईक अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लखनऊ से दुर्ग लाया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। प्रकरण में अब तक 7आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 6 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

आवेदिका नम्रता चन्द्राकर ने थाना नेवई में शिकायत दर्ज कराई थी कि 29 अप्रैल को स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताकर आवेदिका के पिता को वीडियो काल किया गया। उनके नाम का केनरा बैंक का खाता नरेश गोयल को बेचने और उसमें 2 करोड़ रुपए की मनी लांड्रिंग होना बताया गया। इस अपराध में सहयोग करने की बातें कहते हुए सभी सदस्यों की संपत्ति की सारी जानकारी लेकर गिरफ्तारी का भय दिखाया गया। अलग अलग खाते से किस्तों में 29-04-2025 से 29 मई के बीच 54,90,000 रुपए छलपूर्वक जमा कराते हुए ठगी की गई।

जांच के दौरान आरोपी राजेश विश्वकर्मा उर्फ राजू पेंटर निवासी शहीद भगत सिंह गली बहुखंडी मंत्री आवास के पीछे झोपड़पट्टी थाना हजरतगंज उप्र, दीपक गुप्ता निवासी शहीद भगत सिंह गली बहुखंडी मंत्री आवास के पीछे झोपड़पट्टी थाना हजरतगंज उप्र, कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी वजीर हसन रोड रविदास नगर प्रमोदनी स्कूल के सामने लखनऊ उप्र, शुभम श्रीवास्तव निवासी त्रिवेणी नगर लखनऊ, ऋषिकेस जोशी निवासी प्रतीक आपार्टमेंट यशस्वी नगर बालकुंभ रोड ठाणे वेस्टप जिला ठाणे महाराष्ट्र, चंदन बालकरण सरोज निवासी टीकुजनी वाडी रोड सहयोग काम्लेक्स के पीछे कृष्णानगर मानपाडा थाना वेस्टा जिला ठाणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया था।

प्रकरण में फरार आरोपी लईक अहमद निवासी जवाहर नगर मानिकपुर जिला गोण्डा हाल पता फुलबाग कालोनी खुर्सी रोड थाना गुलम्बा लखनउ उप्र की तलाश करने पर उसके लखनऊ जिला कारागार में कैद होने की जानकारी मिली। आरोपी की थाना नेवई के अपराध में संलिप्तता पाए जाने से न्यायालय से प्रोडक्टशन वारंट प्राप्त कर आरोपी लईक अहमद को लखनऊ उत्तर प्रदेश से जिला दुर्ग छग लाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

बीआरएम में शटडाउन

भिलाई/नवप्रदेश। बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) में 4 सितम्बर को चेंज ओवर लिया गया, जिसमें मिल का रोलिंग प्रोफाइल 16 एमएम से 10 एमएम किया जाना था। चेंजओवर के दौरान फर्नेस का हॉट एयर रेक्युपरेटर पंक्चर मिला। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए फर्नेस को शटडाउन में ले लिया गया है। जानकारी के अनुसार मिल शटडाउन के लिए बंद की गई है। बीआरएम में चेंजओवर के दौरान उपकरणों की सम्पूर्ण जांच भी की जाती है। इसी जाँच के दौरान फर्नेस का हॉट एयर रेक्युपरेटर पंक्चर पाया गया। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फर्नेस को शटडाउन में ले लिया गया है। विस्तृत मरम्मत की रूपरेखा बनाई गयी है। ज्ञातव्य हो कि बीआरएम का कैपिटल रिपेयर इसी महीने 20 सितम्बर को तय था। ट्विन चैनल का मेजर ओवरहालिंग, पाइप लाइन्स सम्बंधित कार्य, फर्नेस की मुख्य गैस पाइपलाइन के प्रतिस्थापन का कार्य किया जाना था। समय और संसाधनों की बचत को दृष्टिगत रखते हुए और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हॉट एयर रेक्युपरेटर की मरम्मत के साथ कैपिटल रिपेयर का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सात दिन के कैपिटल रिपेयर में रिफ्रेक्टरी इंजीनियरिंग सहित अन्य विभागों के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय ऐतिहासिक : कौशिक

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा सबसे बड़े जीएसटी रिफॉर्म के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। कौशिक ने कहा कि यह निर्णय भाजपा की जन सेवा और जन कल्याण की नीति को स्पष्ट करता है।

इससे आम जन जीवन में बहुत प्रभाव पड़ेगा। मोदी सरकार के इस निर्णय से घर बनाना और घर चलाना और भी आसान हो जाएगा। कौशिक ने कहा कि इस निर्णय से आम जीवन में बचत और खपत दोनों बढ़ेगा। सीमेंट में जीएसटी की दर 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दी गई है। इससे घर बनाने की लागत में कमी आएगी। घर के डेकोरेशन के सामानों में 10 प्रतिशत की छूट दी गई है। पूर्व में चार जीएसटी दरों के कारण विवाद की स्थिति होती थी। अब केवल दो प्रकार की जीएसटी दरें तय की गई है। जीएसटी के विवादों के निर्णय के लिए हर प्रदेश में ट्रिब्यनल खोला जाएगा। इससे हर प्रकार के विवाद पर तुरंत फैसला होगा।

कौशिक ने कहा कि मोदी सरकार ने बार-बार यह सिद्ध किया कि उसकी प्राथमिकता जनता है। आयकर छूट और जीएसटी राहत से आम नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त करने का काम हुआ है। जीएसटी दर में बदलाव से स्थानीय व्यवसाय, ग्रामीण अंचल में व्यापार की नई गति मिलेगी। रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और आम उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। सुरेंद्र ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार हमेशा करों का बोझ बढ़ाने का काम करती रही, लेकिन मोदी सरकार ने आयकर और जीएसटी में छूट देकर हर वर्ग को राहत दी है। यह कदम विशेष रूप से छोटे व्यापारी और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए वरदान साबित होगा। आयकर छूट और जीएसटी दर में बदलाव का निर्णय भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त करेगा। आम नागरिकों को सीधे राहत पहुंचाएगा।

पितृपक्ष में गया जाने वालों के ठहरने की व्यवस्था करेंगे रिकेश

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिये विधायक रिकेश सेन ने विशेष पहल की है। आगामी 7 सितंबर से शुरू होने वाले पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म व तर्पण के लिए गया जी (बिहार) जाने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के ठहरने की व्यवस्था विधायक रिकेश सेन द्वारा की जाएगी। विधायक सेन ने बताया कि जरूरतमंद श्रद्धालुओं के लिए गया जी में ठहरने की व्यवस्था उनकी ओर से की जाएगी। इसके लिए इच्छुक लोग विधायक कार्यालय से संपर्क कर मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी विधायक सेन ने विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को अयोध्या श्रीरामधाम और महाकुंभ यात्रा हेतु रेल यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई थी। सेन ने कहा कि पितृपक्ष का समय सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। इस दौरान अपने पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए पिंडदान, श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि गया जी में पिंडदान करने से 108 कुलों का उद्धार होता है और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। विष्णु पुराण के अनुसार गया में श्राद्ध करने से पितृ आत्माओं को शांति मिलती है। यही कारण है कि यहाँ भगवान विष्णु के चरणचिह्न और सीता कुंड का विशेष महत्व है। महाभारत काल में पांडवों ने भी यहीं श्राद्ध कर्म किया था।

व्यापार, उद्योग, रोजगार के क्षेत्र में गेमचेंजर होगा जीएसटी रिफॉर्म

रोजमर्रा की चीज़ें होगी सस्ती, हर वर्ग को मिलेगा लाभ

भिलाई/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले से घोषित नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार अब साकार हो चुका है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल कर सुधार नहीं, बल्कि नए भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, व्यापारी और उद्योग जगत सभी वर्गों के लिए यह सुधार ऐतिहासिक सौगात है। अब जीएसटी की दरें सरल होंगी। केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो प्राथमिक स्लैब रहेंगे। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों को रोज़मर्रा की चीज़ें सस्ती होंगी। किसानों को कृषि उपकरण कम दाम पर मिलेंगे। विद्यार्थियों को किताबें व कॉपियां कर मुक्त करने से राहत मिलेगी। दवाओं और स्वास्थ्य बीमा का बोझ भी कम होगा। चंद्राकर ने कहा कि यह सुधार न केवल नागरिकों के जीवन को सरल बनाएगा, बल्कि व्यापार, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में भी गेम चेंजर सिद्ध होगा। निर्यातकों को तेज़ रिफंड मिलेगा और स्थानीय व्यापार को प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी। इससे मांग और उत्पादन दोनों बढ़ेंगे, नए उद्योग-धंधों का विकास होगा और रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे। कर का बोझ घटने से स्थानीय उत्पाद मजबूत होंगे और आयात पर निर्भरता कम होगी। विधायक ललित चंद्राकर के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की दूरदृष्टि से आसान जीवन और आसान व्यापार का सपना साकार हो रहा है। यह सुधार विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने वाला है।

वेटलैंड सर्वे का प्रशिक्षण

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर नगर निगम भिलाई चरोदा के सभागार में वेटलैंड सर्वे और सीमांकन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में राजस्व निरीक्षक, पटवारी, वन विभाग के बीट गॉर्ड व अन्य कर्मचारी, अधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण का संचालन वनमण्डलाधिकारी दीपेश कपिल द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को वेटलैंड सर्वेक्षण के दौरान शुद्धता और सटीकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण का उद्देश्य वेटलैंड संरक्षण को प्रभावी रूप से लागू करना और सर्वेक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना था। इस अवसर पर एडीएम अभिषेक अग्रवाल, एसडीएम महेश राजपूत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जुलूसे मुहम्मदी में उमड़ा जनसैलाब, फहराया परचमे इस्लाम

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर शहर में जुलूस, लंगर और तकरीर सहित कई आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। पैगम्बर हजरत मुहम्मद के 1500 वें जन्मदिन पर शहर में सुबह से देर रात तक जुलूस, तकरीर, नातिया कलाम लंगर और सम्मान समारोह सहित कई आयोजन हुए। इन आयोजनों में बड़ी तादाद में लोगों की भागीदारी रही। जुलूसे मुहम्मदी में लोग नात शरीफ पढ़ते हुए चल रहे थे। जगह-जगह शरबत के सबील और लंगर के स्टॉल भी लगाए गए थे। शाम को जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ईदगाह मैदान में नारा-ए-तकबीर अल्लाहू अकबर और नारा-ए-रिसालत या रसूल अल्लाह की गूंज के बीच परचमे इस्लाम फहराया गया।

ईद मिलादुन्नबी पर आयोजनों की शुरूआत शुक्रवार की सुबह से हो गई। फज्र की नमाज के बाद शहर की तमाम मस्जिदों, सभी मदरसों में परचमे इस्लाम फहराया गया और नात शरीफ पढ़ी गई। शहर में कैम्प-1, कैम्प-2, खुर्सीपार, फरीद नगर और सेक्टर-7 सहित विभिन्न मदरसों से सुबह के वक्त जुलूस निकाला गया। इन जुलूसों में बड़ों के साथ-साथ बच्चों की भी बड़ी तादाद में भागीदारी रही। मुख्य जुलूस की शुरुआत भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की अगुवाई में दोपहर 2 बजे गौसिया मस्जिद केम्प-1 से हुई।

जुलूस की कयादत हजरत अल्लामा सैयद मुहम्मद अहरार आलम वफा शहबाज़ी कर रहे थे। जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम इकबाल अंजुम हैदर, भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग और तमाम मस्जिदों के इमाम व ओहदेदार भी जुलूस में खास तौर पर मौजूद थे। जुलूस की शुरुआत में हाउसिंग बोर्ड से आने वाली अंजुमन भी गौसिया मस्जिद रोड, केम्प-1 से साथ में शामिल हुई। जुलूस यहां से लिंक रोड से होते हुए केम्प-2 रज़ा जामा मस्जिद, मदरसा रोड होते हुए शीतला काम्पलेक्स से नंदनी रोड पहुंचा।

जेसीआई दुर्ग-भिलाई के आयोजन में स्वास्थ्य, मनोरंजन, सामाजिकता पर होगा जोर

जेसी वीक 7 सितंबर से, अनूठे कार्यक्रमों की भरमार

दुर्ग/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जेसीआई दुर्ग-भिलाई द्वारा आयोजित जेसी वीक में इस बार अनूठे कार्यक्रमों की भरमार रहेगी। आयोजन को अद्वित यानी अनूठे थीम का नाम दिया गया है। 7 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित जेसी वीक में मटरगस्ती, हौसलों की उड़ान, होप, कॉमेडी शो, कृष्णास जीपीएस कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

जेसीआई दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल व सचिव अमूल जैन ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि जेसीआई दुर्ग-भिलाई में 52 वर्ष से कार्य कर रही है। जेसी वीक की शुरुआत 7 सितंबर को फिटनेस मॉर्निंग मेला मटरगस्ती कार्यक्रम से होगी। यह आयोजन जटार क्लब रोड सिविल लाइन में सुबह 7 बजे से सुबह 10 बजे तक किया जाएगा। फिटनेस मॉर्निंग मेला में जुम्बा, लाफ्टर योगा और 7 वंडर्स टैलेंट शो जैसे कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया जाएगा।

9 सितंबर को हौसलों की उड़ान कार्यक्रम अंतर्गत अग्रसेन चौक स्थित एविश एडुकॉम में अलग-अलग समाज की महिलाओं को बोलने की कला सिखाई जाएगी। कार्यक्रम में वक्ता अनिल बल्लेवार द्वारा महिलाओं का मोटिवेशन किया जाएगा। 11 सितंबर को ज्ञानोदय विद्यालय रुआबांधा में होप कार्यक्रम अंतर्गत चैरिटी शो का आयोजन किया गया है।

13 सितंबर को कॉमेडियन रवि गुप्ता के चैरिटी शो होंगे। 14 सितंबर को अग्रसेन भवन स्टेशन रोड दुर्ग में आध्यात्मिक कार्यक्रम कृष्णास जीपीएस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

राजनांदगांव के वक्ता द्वारा कार्यक्रम में गीता के उपदेशों के माध्यम से जीवन की समस्याओं के समाधान की सीख दी जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संस्था के जेसी वीक डायरेक्टर अर्पित चांडक, पीआरओ कमल किशोर झंवर, को-डायरेक्टर हिमांशु देव, पंकज अग्रवाल, कमलेश राजा भी मौजूद रहे।

केन्द्रीय जेल दुर्ग में दंत चिकित्सा शिविर

दुर्ग। इंडियन डेंटल एसोसिएशन ब्रांच दुर्ग के द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग में बंदियों के लिये एक दिवसीय दंत चिकित्सक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. सविता कब्डवाल, डॉ. श्रेणिका नाहरा, डॉ. साइली कुरैशी, डॉ. लवप्रीत कटियार, डॉ. मयूरी राय, डॉ. रजत जैन, डॉ सिद्धार्थ शर्मा, डॉ शाहबाज खान, डॉ. शुभ जैन सहित जेल प्रशासन के जेल अधीक्षक, मनीष सम्भाकर, सहायक जेल अधीक्षक अशोक साव, ढाल सिंह कोसरे फार्मासिस्ट और जेल स्टॉफ भी उपस्थित रहे। शिविर में चिकित्सकों के द्वारा 150 बंदियों की दंत जॉच कर आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया।

कलेक्टर, एसपी ने किया विसर्जन स्थल का निरीक्षण

दुर्ग। शहर में स्थापित छोटे-बड़े सभी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पुलगांव-अंजोरा मार्ग स्थित शिवनाथ नदी के पुल विसर्जन स्थल पर किया जाएगा। आज कलेक्टर अभिजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को बेहतर व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन नदी के छोटे पुल के मध्य क्रेन के माध्यम से किया जाएगा। छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन अंजोरा साइड पर बनाए गए विशेष विसर्जन स्थल पर होगा। इसके लिए प्रतिमाओं को बड़े पुल से होकर ले जाया जाएगा। पुल के अंतिम छोर पर बने मार्ग से नदी में उतारकर विसर्जन किया जाएगा। दोनों विसर्जन स्थलों पर क्रेन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। भीड़ प्रबंधन व यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मिनीमाता चौक से अंजोरा बायपास तक केवल विसर्जन वाले वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। अन्य वाहन दुर्ग-अंजोरा बायपास मार्ग का उपयोग करेंगे। जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीडब्ल्यूडी द्वारा शिवनाथ नदी के पुराने पुल पर दोनों ओर 60 फीट की अस्थायी रेलिंग लगाई जाएगी, ताकि आने-जाने वाले लोग सुरक्षित और सतर्क रह सकें। निरीक्षण के दौरान एडीएम अभिषेक अग्रवाल, आयुक्त सुमित अग्रवाल, एसडीएम हरवंश मिरी, एसडीएम हितेश पिस्दा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, ईई सीएसपीडीएल रवि दानी, सीएसपी रघुनंदन राठौर सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

सिहावा नगरी में राज्य स्तरीय डी.जे. डांस प्रतियोगिता 17 को

नगरी / नवप्रदेश। श्रंगी ऋषि राजमिस्त्री मजदूर संघ, नगरी (जिला-धमतरी) के तत्वावधान में इस वर्ष भी नगर पंचायत नगरी में विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर राज्य स्तरीय डी.जे. डांस प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम दिनांक 17 सितंबर 2025, बुधवार रात्रि 9 बजे से बजरंग चौक नगरी में आयोजित होगा। प्रथम पुरस्कार : 21,000 (गोल्ड मेडल)द्वितीय पुरस्कार 11,000 (सिल्वर मेडल) तृतीय पुरस्कार : 7,000 (ब्रॉन्ज मेडल)अतिरिक्त पुरस्कार : 5,000 (सांत्वना पुरस्कार) साथ आकर्षक ईनाम भी नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

कार्यक्रम में विशेष सहयोग स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागियों व दर्शकों से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय उद्घोषक आशीष नाग पूरे आयोजन का संचालन करेंगे। मंच व इवेंट की व्यवस्था किया गया है यह प्रतियोगिता न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगी बल्कि स्थानीय युवाओं की कला और प्रतिभा को भी मंच प्रदान करेगी।

हेमराज सोनी ने की पर्यटन मंत्री से भेंट

धमतरी/नवप्रदेश। भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग के सह प्रभारी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमराज सोनी ने विष्णु देव सरकार के नव नियुक्त केबिनेट मंत्री आदरणीय श्री राजेश अग्रवाल (पर्यटन धार्मिक न्यास) से महानदी भवन मे उनके पद भार ग्रहण समारोह शामिल होकर उनको बधाई व शुभकामनाएं दी साथ आदरणीय मंत्री जी से उनके कक्ष मे धमतरी जिले मे गंगरेल के आलावा सोंढूर बांध माड़ाम सिल्हि बांध पर भी पर्यटन के रुप विकसित करने से पर्यटको सख्या आने वाले समय बढ़ेगी साथ स्थानीय लोगो को रोजगार अवसर मिलेगे उनसे धमतरी आने का आग्रह भी किया गया जिस पर पर्यटन मंत्री जी ने जल्द से जल्द आने का अश्वासन दिये।

लाइवलीहुड कॉलेज में विभिन्न ट्रेडो पर युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में रिटेल सेल्स एसोसिएट, सोलर पीवी इन्सटालर, जल वितरण संचालक, वाहन चालक में 120 हितग्राही प्रशिक्षणरत है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं जिला अंत्यावसायी विभाग द्वारा आज एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री दीनबंधु ध्रुव, जिला अंत्यावसायी के कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि गुप्ता द्वारा स्वयं के व्यवसाय खोलने के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न, बालिकाओं का प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

नगरी / नवप्रदेश। नंदा नवमी नवाखाई पर्व के अवसर पर छात्र शक्ति युवा मंडल उमरगांव के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। गौरा चौक ठाकुरपारा मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की अलग-अलग स्पर्धाएँ रखी गईं, जिनमें रायपुर, दुर्ग, बालोद सहित कई जिलों से आए कबड्डी दलों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में विशेष आकर्षण बालिका वर्ग की टीमों का उत्साही प्रदर्शन रहा। बालिकाओं ने पूरे आत्मविश्वास और जोश के साथ मैदान में अपनी क्षमताओं का परिचय दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार शेष ने बताया कि पिछले 27 वर्षों से यह परंपरा लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की भागीदारी ने इस आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ा दिया है।

मुख्य अतिथि का संबोधन समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रकाश सिंह बैस, अध्यक्ष भाजपा जिला धमतरी ने कबड्डी प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि वीर सेनानियों की धरती उमरगांव में खेलों का यह आयोजन गौरव की परंपरा है। उन्होंने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने भी इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी के रूप में भाग लिया था।

ग्रामीणों की मांगें और आश्वासन समारोह के दौरान ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मारकोले ने गांव की विभिन्न मांगों को मुख्य अतिथि के समक्ष रखा।

इस पर श्री बैस ने आश्वस्त किया कि इन मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

बेस्ट दर्शक टिकेश्वरी सेन है

जिसमे समारोह की अध्यक्षता घुरुऊ राम शेष, अध्यक्ष गौरा चौक ठाकुरपारा ने की। विशेष अतिथि के रूप में हृदय साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, अकबर कश्यप, उपाध्यक्ष भाजपा जिला धमतरी, नरसिंह मरकाम, सरपंच सिरसिदा,दीपक साहू, महामंत्री एसडीओ, बलराम साहू, शिक्षक सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उमरगांव का बढ़ा गौरव जनसमूह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आयोजन को खेल व संस्कृति का अद्भुत संगम बताया। यह आयोजन न केवल गांव की परंपरा को जीवित रख रहा है बल्कि नई पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करने का कार्य भी कर रहा है।

आयोजन समिति का योगदान प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार शेष, उपाध्यक्ष दुर्योधन मरकाम, सचिव गंगाराम विश्वकर्मा, सह सचिव योगेश मरकाम, कोषाध्यक्ष रवि मरकाम, एवं समिति के अन्य सदस्यों विष्णु शेष, उनकरण ठाकुर, रविशंकर मरकाम, किशोर भंडारी, लोकेश कुंजाम सहित छात्र शक्ति युवा मंडल के सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

विजेता टीमों को मिला सम्मान

बालिका वर्ग प्रथम रामेश्वर पलटन लालपुर, रायपुर द्वितीय बालिका प्रगति क्लब, रायपुर तृतीय गर्ल कबड्डी क्लब, कोरर चतुर्थ बालिका कबड्डी क्लब, धनेली (बालोद) आए है

पुरुष वर्ग प्रथम कबड्डी क्लब, देवरी (बालोद)

द्वितीय वीर कबड्डी दल, आरंग तृतीय जय मां शीतला कबड्डी क्लब, छुरा चतुर्थ छात्र शक्ति युवा मंडल, उमरगांव

विशेष पुरस्कार बेस्ट रेडर शुभम निर्मलकर (देवरी बालोद)आलराउंडर लक्की साहू (आरंग)बेस्ट केचर नंदकुमार वट्टी (उमरगांव)

बेस्ट ब्लॉकर रवि साहू (देवरी बालोद)

मैन ऑफद मैच रोमन साहू (देवरी बालोद)

सरसींवा क्षेत्र से आयुष्मान भारत योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/ नवप्रदेश। आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज कराने के नाम पर गरीब मरीजों के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, सरसींवा क्षेत्र के ग्राम लाखुरिदिह, ग्राम पंचायत कोसमकुंडा निवासी लाकेश्वर जांगड़े (एजेंट) ने मरीजों को रायपुर के स्न्नरू हॉस्पिटल ले जाने की बात कही, लेकिन मौके पर उन्हें स्द्धह्लद्द स्न्रूस्त्रद्बह्य्द्धद्बठ्ठद्ग हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती करा दिया गया। पीड़ित मरीजों ने बताया कि करीब 10 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहाँ उन्हें केवल रूटीन जांच और ब्लड शुगर-बीपी चेकअप के नाम पर लगातार 8 दिनों तक भर्ती रखा गया। इस दौरान न तो किसी का *आंख का इलाज हुआ और नही किसी अन्य गंभीर बीमारी* का उपचार किया गया। मरीजों का आरोप है कि उन्हें *खराब और बासी भोजन* दिया जाता था। सबसे गंभीर

तथ्य यह है कि मरीजों के आयुष्मान कार्ड से प्रति दिन प्रति मरीज लगभग ?8,500 का बिल काटा गया। यह राशि किस पैकेज के अंतर्गत काटी गई।

हॉस्पिटल प्रबंधन नहीं दे रही कोई जवाब

जब पत्रकारों ने इस मामले पर Shree Medishine हॉस्पिटल प्रबंधन से बात करने की कोशिश की तो जिम्मेदार अधिकारी बात करने से बचते रहे। कई बार फोन करने पर केवल असिस्टेंट जवाब देते और बात करा रहे कहकर फोन काट देते कि इतना ही नहीं जब मरीजों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया, तब उन्हें इलाज से संबंधित कोई बिल, रसीद या जाँच रिपोर्ट भी नहीं दी गई। यह अपने आप में एक गंभीर सवाल खड़ा करता है कि आखिर मरीजों के नाम पर काटे गए भारी-भरकम बिल का हिसाब कहाँ गया।

एजेंट द्वारा पत्रकार को मिली धमकी

जब इस फर्जीवाड़े की जानकारी पत्रकारों तक पहुँची और उन्होंने एजेंट लाकेश्वर जांगड़े से इस बारे में सवाल किए, तो पहले उसने यह स्वीकार किया कि केवल रूटीन जांच के लिए मरीजों को रखा गया था और आगे आँख के इलाज हेतु दूसरे अस्पताल में ले जाने की बात कही। लेकिन जब पत्रकारों ने पुनः जानकारी लेनी चाही तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। यह मामला न केवल शासन की योजनाओं के दुरुपयोग और गरीब जनता के साथ विश्वासघात का है, बल्कि पत्रकारों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़ा करता है। हाल ही में प्रदेश में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या जैसी घटनाएँ सामने आ चुकी हैं, जिससे यह आशंका और गहरी हो जाती है कि भ्रष्ट और असामाजिक प्रवृत्ति के लोग सच उजागर करने वालों पर हमले करने से भी नहीं चूकते।

अपराध दर्ज करने की मांग

पीड़ित मरीजों और पत्रकारों ने बताया कि उनके पास इस पूरे मामले से जुड़े पुख्ता सबूत मौजूद हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि संबंधित एजेंट, हॉस्पिटल मे आयुष्मान योजना के तहत कार्यरत स्टाफएवं इसमें शामिल अन्य लोगों के खिलाफ द्धक्क्ष्ट की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 409 (लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी), 504 (गाली-गलौज), 506 (आपराधिक धमकी), 120क्क (आपराधिक साजिश) तथा अन्य विधिसम्मत धाराओं के तहत तत्काल अपराध दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जय कर थाना सरसींवा मे लिखित शिकायत भी किया गया है।

रजत जयंती के अवसर पर इको फ्रेंडली गणेश प्रदर्शनी का आयोजन

नगरी/ नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक,माध्यमिक शाला, टेंगना में रजत जयंती के अवसर पर इको फ्रेंढली गणेश प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । स्कूली बच्चों के द्वारा मिट्टी से बनाए गए कलात्मक व आकर्षक गणेश प्रतिमाएं उनके सीखने सिखाने की कौशल को व्यक्त कर रहे थे इस प्रतियोगिता प्रदर्शनी में उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया प्राथमिक वर्ग से कक्षा चौथी से गोपेश कश्यप और कक्षा छठवीं से वासुदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किए । शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि पर्यावरण को केमिकल युक्त रंगों व प्लास्टर ऑफपेरिस से होने वाले नुकसान से बचने हेतु मिट्टी के गणेश व अन्य सामग्री मिट्टी, प्राकृतिक रंग, गोबर से बनाया जाता है इको फ्रेंढली गणेश व सामग्री जल को प्रदुषित नहीं करते जिससे जलीय जीवन व स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है ।इस अवसर पर जन भागीदारी अध्यक्ष खम्मन लाल मरकाम, प्रधान पाठक मनोज कुमार जंजीर, प्रधान पाठक ममता प्रजापति संतोष कुमार बांधव, यतींद्र गौर, पार्वती ध्रुव ,सौरभ वैद्य, कवंर एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

भा.व.से.उपनिदेशक वरुण जैन एवं अंकुश उपाध्याय स्टेनो सर को पीपल के पत्तों पर आकृति उकेरा भेंट

नगरी/ नवप्रदेश। उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद में भा.व.से.उपनिदेशक वरुण जैन एवं अंकुश उपाध्याय स्टेनो सर को पीपल के पत्तों पर आकृति उकेरा गया है लीफआर्ट ने दो टाइगर हिरण का फोटो बनाकर राष्ट्रीय बाग संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली जिसमें देश बाघ संरक्षण के लिए नई दिल्ली में भेजा गया है और पहली बार लीफआर्ट को उदंती सीता नदी विकास शांडिल्य के आर्ट भेजा गया है इसके पहले विकास ने हाथी बचाओ अभियान के लिए भी अपने कला माध्यम के माध्यम से प्रेरित किया था तथा इसी प्रकार से और देश-विदेश के साथ अन्य त्यौहार एवं कई महान पुरुष का फोटो बना चुका है विकास शांडिल्य ग्राम मोदे नगरी के जिला। धमतरी निवासी हैं

नगरी - बाल मण्डली मरेठापारा में साई के रूप में गणेश जी

नगरी - जय बजरंग गणेशोत्सव समिति महावीर पारा बिरगुडी

नगरी - युवा गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड सिहावा

महंगाई से राहत, गरीब-मध्यम वर्गीय परिवार को लाभ, छोटे व्यापारियों को मिलेगी सहायता

गरियाबंद / नवप्रदेश। । केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में सुधार और कर दरों के पुनर्गठन को व्यापारी संगठन कैट ने ऐतिहासिक और दूरगामी बताया है। कैट इकाई गरियाबंद के जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा, जिला कोषाध्यक्ष निखिल साहू और जिला महामंत्री अजय नागदेव ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री सीता निर्मलारमण द्वारा लिया गया यह फैसला गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को महंगाई से राहत देने वाला

है। साथ ही छोटे व्यापारियों को नई ताक़त प्रदान करेगा। कैट पदाधिकारियों ने कहा कि 400 से अधिक वस्तुओं

पर कर दरों में कमी से आम उपभोक्ताओं के रोज़मर्रा के खर्च घटेंगे। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी की ओर से देशवासियों को मिला बड़ा दिवाली उपहार बताया। जिला अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी सुधारों से घरेलू खपत में 7ङ्क8 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। इससे खुदरा व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार केवल कर ढांचे का बदलाव नहीं है, बल्कि यह भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला ऐतिहासिक कदम है।

रायपुर में आयोजित आंदोलन हेतु रवाना हो रहे मितानिनों को पुलिस ने रास्ते में रोका

नगरी धमतरी मेन रोड में सरकार कि खिलाफनारे बाजी करते दिखाई दिए

नगरी/ नवप्रदेश। नगरी विकासखण्ड की मितानिन संघ की कार्यकर्ता गुरुवार को रायपुर में आयोजित आंदोलन में शामिल होने के लिए रवाना हो रही थीं। इस दौरान पुलिस विभाग द्वारा उन्हें सुबह 9 बजे नगरीङ्कधमतरी मुख्य मार्ग पर रोक दिया गया। करीब दो घंटे नारे बाजी करते दिखाई किए उसके पुलिस समझाइए के बाद सभी मितानिनों ने नगरी मुख्य

मार्ग पर बैठकर अपनी मुख्य विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार के लिखाफनारेबाजी कर विरोध जताया। बड़ी संख्या में दिखाई दिए इस दौरान कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा, जिससे विद्यालय जाने वाले बच्चे एवं शिक्षक अन्य लोगों को कापी प्रभावित हुए। मितानिन प्रतिनिधियों का कहना था कि उन्हें रायपुर में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन के लिए अनुमति प्राप्त है, उसके बावजूद इसके उन्हें आगे जाने से रोका जा रहा है। जिसमे प्रदेश सलाहकार नेमू चंद साहू ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता साहू कोषाध्यक्ष श्रीमती उषा सोन वासु लता कौशल तूकेश्वरी साहू धनेश्वरी साहू गंगाराम द्धद्गद्बह्ठ कश्यप माया कश्यप गीता ध्रुव चंद्र कुमार गीता हेमने समस्त मितानिन बड़ी संख्या में उपस्थित थे वहीं, पुलिस अधिकारियों एसडीओ का कहना है प्रदेश में अधिक भीड़ को लेकर रोकथाम की कार्रवाई शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिकोण से की रोका गया है उसके स्थिति को देखते हुए जिसमे विभागीय अधिकारी ने मितानिन प्रतिनिधियों से चर्चा कर मामले को शांत कराने का प्रयास नगरी तहसीलदार सोमेंद्र कुमार सिन्हा एसडीओ शैलेंद्र पाण्डे टीआई नगरी चक्रधर बाग पुलिस विभाग कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे

ब्याज की राशि के नाम पर कर्जदार को परेशान और धमकाने वाला गिरफ्तार

भाटापारा/ नवप्रदेश। उधारी की रकम लौटाने के नाम पर धमकाने अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को ग्रामीण पुलिस ने कर्जा एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि

आरोपी ब्याज आदि के नाम पर प्रार्थी को लगातार परेशान कर रहा था। उपरोक्त संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी अरविंद डांडे निवासी ग्राम देवरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि रुपए की जरूरत पड़ने पर ग्राम के ही संतोष साहू से वर्ष 2021 में 10 हजार रुपए।उधारी रकम लिया था। 15 दिन

बाद उक्त रकम को लौटाने के लिए प्रार्थी उसके घर गया तो, आरोपी बोला कि ब्याज सहित ?20,000 लाओ, तब प्रार्थी द्वारा 15 दिन बाद पुन: आरोपी के पास जाकर ?20,000 मूलधन सहित वापस किया गया*। इसके बाद आरोपी द्वारा कुछ दिन बाद फिर बोला गया कि चक्रवृद्धि ब्याज ?35,000 हो गया है। प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी संतोष साहू द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच कर, जान से मारने की धमकी दिया गया, तथा प्रार्थी द्वारा डर कर ?35,000 आरोपी को दे दिया गया। इसके बाद भी प्रार्थी द्वारा समय-समय पर आरोपी को रकम देता रहा तथा एक ब्लैंक चेक भी आरोपी को प्रार्थी द्वारा दिया गया। इसके बाद भी आरोपी द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर प्रार्थी एवं उसके परिवार वालों को रकम लौटाने के नाम पर धमकी दिया जा रहा था*। उक्त रिपोर्ट पर धारा 308(2), 127(1),296 351(2) बीएनएस एवं 03,04 कर्जा एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी संतोष साहू उर्फ़अफ्रीदी को हिरासत में लिया* गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी को उधारी रकम लौटाने के नाम पर उससे कई तिथियों में ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज आदि के एवज में पैसा लेना तथा पैसे लौटाने के नाम पर उसे अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देना स्वीकार किया गया। प्रकरण विवेचना में है।

कुल्हाड़ी से प्रधान पाठक पर हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली के एक प्रधान पाठक से मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक डंगनिया सरायपाली निवासी व पलसापाली स्कूल के प्रधान पाठक दंडधर पटेल ने बताया कि 30 अगस्त की दोपहर 3 बजे वह बाइक से छिंदपाली नवोदय विद्यालय जा रहा था, डंगनिया के बाहर शमशान घाट के पास सामने से एक व्यक्ति स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीजी 9021 से आया और स्कूटी को रोककर आज तुमको जान सहित मारूंगा कहते हुए स्कूटी से कुल्हाड़ी निकाल कर हमला कर दिया, इस हमले से प्रधान पाठक के हाथ में चोट आई है। मदद के लिए पुकारने पर गांव के निखिल नंद और उमेश पटेल आए तब वह कुल्हाड़ी छोड़कर वहीं खड़ा हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

कबड्डी स्पर्धा आज डे नाइड

नगरी/नवप्रदेश। विकासखण्ड से 13 किलोमीटर दूर में उमरगांव के जय बजरंग बाल मंडली गोवर्धन चौक पर आज 6 सितम्बर को एक दिवसीय डे नाइड कबड्डी स्पर्धा 18 वर्षीय लड़कों का जिसका वजन 45 किलो तक है वह कबड्डी दल दोपहर 1 बजे तक भाग ले सकते हैं जिसका पुरुस्कार क्रमशः 8025, 5025, 4025, 2025 रुपए एवं ट्राफी में 300 रुपए प्रवेश शुल्क साथ अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में लोकेश कुंजाम, संत कामडे, तुलसी साहू, मोहित गुप्ता, अरुण चिराम, गजेन्द्र साहू, लिलाशंकर साहू, रविशंकर सहित समिति के सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

तालाब में डूबने से मासूम की दर्दनाक मौत, परिवार में मातम

नगरी/नवप्रदेश। नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटाभर्री में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां चार वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक बालक की पहचान गरम लाल कमार (पिता राजेश मरकाम) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बालक बीते बुधवार को घर से खेलने के लिए तालाब के पास गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवारजन और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। गुरुवार शाम लगभग 4 बजे तालाब में तैरता हुआ एक शव दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर वह शव गरम लाल का ही निकला।अचानक हुई इस घटना से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जिसमे सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नगरी सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और नगर में उत्साह दिखाई दी

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी में मुस्लिम भाइयों द्वारा पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ निकाली गई। रैली में

बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने शामिल होकर जुलूस को और आकर्षक बनाया। धार्मिक झंडे, नारे और आकर्षक सजावट से पूरा नगर वातावरण गूंज उठा।जुलूस जब नगर पंचायत कार्यालय के सामने पहुंचा तो नगर पंचायत की ओर से अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सभापति शंकर देव अश्विनी निषाद पार्षद ने फूलों की वर्षा कर रैली का भव्य स्वागत किया गया। फूलों की बौछार से माहौल बेहद खुशनुमा और धार्मिक रंग में रंग गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न धर्मों के लोगों ने भी शामिल होकर आपसी भाईचारे और सौहार्द्र का संदेश दिया।

धूमधाम से मनाया गणेश उत्सव

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद नगर में खूब धूमधाम से

मनाया गया गणेश उत्सव का त्यौहार नगर भर के विभिन्न चौक चौराहा और मोहल्ले में युवाओं की गणेश उत्सव समितियां ने एक से बढ़कर एक आकर्षक गणेश प्रतिमा स्थापित की जिनमें रोजाना भव्य महा आरती के साथ-साथ विभिन्न गणेश समिति द्वारा प्रसादी भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है ।भगवान गणेश का दर्शन करने और प्रसादी प्राप्त करने कुरूद नगर सहित आसपास के ग्रामीण से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचकर गणेश का दर्शन और प्रसादी प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं ।

छुरा मुस्लिम समाज ने ईद-मिलादुन्नबी गर्मजोशी के साथ मनाया

छुरा/ नवप्रदेश। पिछले एक पखवाड़े से ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर मुस्लिम समाज छुरा के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा था। नगर मे तोरण पताके व विद्युत के झालर से मुख्य मार्ग व गली मोहल्ले और मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने घरों को सजाया गया?। छुरा नगर के सद्भावना और परंपरा के अनुसार हिन्दु मुस्लिम भाई आज दिनभर गले मिलकर एक दुसरे को ईद-मिलादुन्नबी की बधाई देते नजर आये।

इस्लाम अमन चैन कायम करने का संदेश देता है - मौलाना : मौलाना खान साहब द्वारा नुरानी तकरीर पेश किया गया इस दौरान मौलाना साहब ने कहा इस्लाम अमन चैन कायम करने का संदेश देता है इसमे जाति -पाति उच्च -नीच का कोई भेदभाव नहीं है। मौलाना ने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी का दिन खुशी का दिन है और आज 1500वां ईद मिलादुन्नबी मनाई जा रही है। प्रत्येक मोमिन हमेशा नबी ए करीम के बताए हुए सच्चाई के रास्ते पर चले हमेशा नेकी व ईमानदारी पर चलना प्रत्येक मोमिन का कर्तव्य है, भुखो को खाना खिलाना सबसे बड़ा सवाब है। उन्होंने कहा कि मां बाप की खिदमत करे। मां बाप के कदमो मे जन्नत है

नमाज कायम करना व गरीबों की मदद करना प्रत्येक मोमिन का फर्ज है जो बन्दा अल्लाह की बारगाह मे सच्चे मन से नमाज अदा करता है?। अल्लाह उसके गुनाहों को बख्श देता है। हमेशा गरीबों को ज्यादा से ज्यादा मदद करे, आका ए करीम के सदके से अल्लाह तआला प्रत्येक मोमिन की झोलिया रहमत से भर देगा। मौलाना ने अपने तकरीर मे हजरत पैगम्बर साहब के जीवन के बारे मे बताते हुए कहा नबी ए करीम की आमद दुनियां मे होने पर समाज मे तमाम तरह की फैली बुराईयों और अंध विश्वासों, कुरीतियों का अंत हो गया और लोगों को तालिम हासिल करने पर जोर दिया गया जिससे लोग अंधकार छोड़कर उजाले के तरफ लौटकर एक बेहतर इंसान बनकर दुनियां और आखिरत मे अच्छा मुकाम हासिल कर सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे - इस पूरे कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज के मौलाना, एवं प्रमुख अब्दुल समद खान, सिकंदर, सर्वर अब्दुल शमीम खान, शौकत , सलीम मेमन, आलम भाई सहित मुस्लिम समाज के सभी लोग सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित थे।

पुलिस प्रशासन की चुस्त दुरूस्त व्यवस्था : जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा चुस्त दुरूस्त व्यवस्था की गई थी।

जुलूस में होती रही फूलों की बारिश, जगह-जगह स्वागत

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सुबह नौ बजे मस्जिद से मुस्लिम समाज द्वारा जुलुस निकाली गई यह जुलुस नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए मस्जिद पहुंचा । जुलुस में छोटे -छोटे बच्चे रंग बिरंगे परिधान पहने और सर में साफा बांधे नारे-ए-तकबीर की शदाएं बुलंद कर रहे थे। नौजवान नात शरीफपढ़ रहे थे और जुलुस के दौरान तोप से फूलों की लगातार वर्षा किया जा रहा था जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा ।

गरियाबंद जिले के अधिकारी कर्मचारी हुए बेलगाम

विधायक ने मांगी जांच-लेकिन जनपद सीईओ ने आवेदन को किया दर किनार

छुरा जनपद पंचायत, ब्लाक शिक्षा कार्यालय, जिला शिक्षा कार्यालय का हाल बेहाल

छुरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का अपने आपको करीबी बताने वाले उधारी का प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जो विधायक के पत्र को तवज्जो नहीं देते जो क्षेत्र के जनताओ में चर्चा का विषय है ।

राजिम विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत छुरा ग्राम पंचायत हरदी में ग्रामसभा के प्रस्तावों की लगातार अनदेखी और सचिव की मनमानी का मामला अब गंभीर रूप ले चुका है। हरदी के ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू को लिखित शिकायत सौंपी थी। विधायक ने इसे गंभीर मानते हुए जनपद पंचायत छुरा के सीईओ को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि जब हरदी निवासी उक्त आवेदन लेकर सीईओ सतीश चंद्रवंशी के पास पहुंचे, तो उन्होंने आवेदन स्वीकार करने और जांच कराने के बजाय उसे दरकिनार कर दिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताई नाराज़गी

लखन लाल तिवारी, बलदेव साहू, मंथीर सिंह ध्रुव, अमरसिंग तारक, विजय तिवारी और रूपनाथ बंजारे समेत कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आवेदन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की अनदेखी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है।

ग्राम सभा के प्रस्ताव बने उपेक्षा के शिकार

सचिवों की हड़ताल के दौरान ग्रामसभा में कई अहम प्रस्ताव पारित हुए थे, जिनमें से आज तक किसी पर भी अमल नहीं हुआ। इनमें शामिल हैं।

2021 से 2025 तक आय-व्यय की जानकारी सार्वजनिक करना।

पानी टंकी में बोर खनन की जांच।

. नर्सरी धरसा वर अवैध निर्माण की जांच।

बोरिंग और हैंडपंप सामग्री की गड़बड़ी पर कार्यवाही।

ग्रामीणों का कहना है कि सचिव द्वारा इन प्रस्तावों की लगातार अवहेलना भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है।

ग्रामीणों में उबाल

हरदी के ग्रामीणों ने कहा कि यह आचरण लोकतंत्र का अपमान है। यदि सीईओ और प्रशासनिक अधिकारी ऐसे ही गंभीर शिकायतों को कचरे में फेंकेंगे, तो आम जनता का विश्वास कैसे कायम रहेगा? ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

विधायक ने लिया संज्ञान, लेकिन सीईओ की हरकत से नाराज़ ग्रामीण:

विधायक रोहित साहू ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि शिकायत पत्र में दर्ज विषयों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और उन्हें रिपोर्ट दी जाए। मगर ग्रामीणों का आरोप है कि सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने आवेदन को कचरे में डालकर यह साबित कर दिया कि वे भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहे हैं।

यह मामला अब सीईओ बनाम जनता बन चुका है। विधायक ने तो जांच के आदेश दिए, लेकिन सीईओ की हरकत ने ग्रामीणों के आक्रोश को और भड़का दिया है।

खबर प्रकाशन के बाद सीईओ भगत ने 13 सरपंच सचिव को नोटिस जारी

देवभोग न्यूज/नवप्रदेश। प्रथम किश्त राशि लेकर बीते 5 साल में सामुदायिक भवन और सीसी सड़क शुरू नहीं करने की खबर नवप्रदेश में प्रकाशन होने के बाद जनपद पंचायत सीईओ ने 13 तत्कालीन सरपंच और सचिव को नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर जबाव मांगा है अन्यथा प्रकरण बनाकर वसूली की कार्यवाही करने का भी फरमान जारी किया है जिसके बाद से सरपंच सचिवो के बीच हड़कंप देखने को मिल रहा है उल्लेखनीय हो कि बीते 2018 ट्ठ 19 में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत बरकानी पुरनापानी खुटगांव नवागांव धौराकोट जैसे 10 पंचायतों में 6 लाख 50 हजार की अलग अलग राशि से सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया है इसके साथ पुरनापानी में करीब 5 लाख 20 हजार की राशि 2 सी सी सड़क स्वीकृति रहा और यह कार्य शुरू करने के लिए निर्माण एजेंसी को 40 प्रतिशत राशि भी जारी कर दिया लेकिन वह राशि अधिकतर सरपंच सचिव ने अपने निजी कार्य के लिए खर्च कर दिया

तभी आज स्वीकृत कार्य स्थल पर ना गिट्टी सीमेंट सहित अन्य सामग्री है और ना पंचायत के खाते में पैसा जिसके कारण आज पर्यंत भी भवन सड़क शुरू नहीं हो पाया जिसे लेकर नवप्रदेश ने प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया और मामला को संज्ञान में लेते जनपद सीईओ भारतीस साय भगत ने तत्कालीन सरपंच और सचिव को नोटिस जारी करते 15 दिवस के भीतर जबाव मांगा है अन्यथा वसूली की कार्यवाही का फरमान भी है ऐसे में ग्रामीणों में भी अब उम्मीद जग गई है कि आम लोगों की सहूलियत के सामुदायिक भवन निर्माण होगा हालांकि नोटिस तक कार्यवाही सीमित ना रह जाए इसकी आशंका भी काफी ज्यादा बनी है क्योंकि ऐसे कार्यवाही के अभाव में उक्त सामुदायिक भवन अब तक नहीं बन पाया।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 3 जगहों पर नक्सलियों द्वारा डम्प किये गये विस्फोटक पदार्थ बरामद

जिला पुलिस बल ई-30 ऑपरेशन टीम गरियाबंद के द्वारा कार्यवाही

गरियाबंद /नवप्रदेश। जिला गरियाबंद अंतर्गत सक्रिय शासन द्वारा प्रतिबंधित माओवादी संगठन धमतरी - गरियाबंद - नुआपाड़ा डिवीजन के माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी/ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने तथा दहशत फैलाने के उद्देश्य से थाना मैनपुर अंतर्गत गोबरा क्षेत्र के पहाड़ी / जंगल क्षेत्र में आई.ई.डी. बनाने जैसे सामान को छुपाया हुआ था। जिसके संबंध में स्थानीय सूचना तंत्रो के माध्यम से आसूचना प्राप्त होने पर कार्यवाही करते हुये जिला मुख्यालय गरियाबंद से जिला पुलिस बल ई-30 ऑपरेशन टीम गरियाबंद द्वारा जंगल / पहाडी क्षेत्र की ओर सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुये थे कि अभियान कार्यवाही के दौरान प्राप्त सूचना अनुसार डम्प एरिया में पहुंचकर बीडीएस टीम द्वारा सघन सर्च किया गया

सर्च के दौरान दिनांक 05.09.2025 को स्टील कन्टेनर से बने आईईडी बम. नक्सल साहित्य, नक्सली बैनर 01 नग, 01 बण्डल इलेक्ट्रानिक वायर, फटाखा बम 57 नग, कॉर्डेक्स वायर 02 मीटर, पावर बैंक 01 नग, नक्सली वर्दी, सिंगल शॉट बैरल, छोटा सोलर प्लेट 01 नग एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद कर माओवादियों के विनाशकारी नीतियों को विफल करने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई ।

राधाकृष्णन का जन्म दिवस मनाया गया शिक्षक दिवस के रूप

कसडोल। भारत के दूसरे राष्ट्रपति के साथ ही एक महान शिक्षक, दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 5 सितंबर को तमिलनाडु में जन्मे डॉ. राधाकृष्णन ने अपने अध्ययन और विचारों के माध्यम से न केवल भारतीय फिलॉसफी को नए आयाम दिए, बल्कि पश्चिमी दुनिया में भी भारतीय संस्कृति और फिलॉसफी का प्रचार-प्रसार किया। उनके सम्मान में, उनके जन्मदिन को पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी प्रकार आज 5सितंबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल द्वारा भी डॉ राधा कृष्ण सर्वपल्ली का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।

60 लीटर अवैध ओडिसा प्रांत का डबल लाल घोड़ा

गरियाबंद/नवप्रदेश। नया सवेरा अभियान* के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय कर लगातार कड़ी कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे आज दिनांक 05.09.2025 को जरियें मुखबीर से थाना प्रभारी देवभोग को सूचना प्राप्त हुआ की ग्राम खुटगांव नाका चेक पोस्ट के पास आरोपी कामनो नेताम अवैध रूप से अधिक मात्रा मे ओडिसा प्रांत का डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची

महुआ शराब रखकर परिवहन कर रहा हैं कि सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफव गवाहों के साथ मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकडे जिन्हें नाम पता पुछने पर अपना नाम महेन्द्र नाग पिता बनमाली नाग उम्र 40 वर्ष ग्राम उसरीपानी थाना देवभोग जिला गरियाबंद छ.ग. का रहने वाला बतायें जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से दो सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में ओडिसा प्रांत का डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची महुआ शराब कुल 300 नग पृत्येक मे 200 एमए ?ल कुल जुमला शराब 60 बल्क लीटर शराब कुल जुमला 15000 रूपये, व पैशन प्रो कं0 सीजी 04 केडी 1391 किमती करीबन 30.000 रूपये कुल जुमला 45,000 रूपये को आरोपी के कब्जे मे रखा होना पाया गया। आरोपी से बरामद शराब को रखने व बेचने के संबंध मे वैध कागजात/लायसेंस की मांग करने पर आरोपी द्वारा कोई कागजात नही होना बताया। प्रकरण में आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पायें जाने पर थाना देवभोग मे आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

धार्मिक आयोजन हमें एकजुट होने का देता है अवसर : निखिलकांत

कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर सहित अंचल में गणेशोत्सव की धूम है। जगह जगह विघ्नहर्ता को आकर्षक पंडाल सजाकर विराजित की गई है। श्रद्धालुओं में गणेशोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है। अनेक स्थानों पर भक्तिमय कार्यक्रम भी आयोजित

किए जा रहे हैं। गुरुवार को शहर सहित ग्रामीण अंचल के गणेशोत्सव समितियों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने पंडालों में विराजित भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। श्री साहू ने सिरपुर क्षेत्र के ग्राम छपोराडीह तथा कनेकेरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वहां के आयोजन समितियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भगवान गणेशोत्सव को लेकर जो उत्साह दिखाई दे रहा है वह आप सब की एकजुटता का प्रतिफल है। धार्मिक आयोजन हमें एकजुट होने का अवसर प्रदान करता है। गणेश जी विघ्नों को हरने वाले देवता हैं। उनकी कृपा से सारे कष्ट सहज ही टल जाते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी के बीच आकर भगवान का आशीर्वाद लेने का अवसर मिला।

जागरूकता कार्यक्रम | **आपसी समझ, सामाजिक एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए साक्षरता की परिवर्तनकारी क्षमता का दोहन करना अत्यंत आवश्यक**

फरसियां में गुरुवार को उल्लास रैली व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

नगरी/नवप्रदेश। रैली विद्यालय परिसर से निकलकर गुरुवार के साप्ताहिक बाजार पहुँची।जिसमें समस्त व्यापारियों एवं क्रेताओं को साक्षरता के लिए जागरूक किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार सोन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य निरक्षरता के विरुद्ध संघर्ष के पक्ष में जनमत तैयार करना है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस साक्षरता के बारे में जानकारी प्रसारित करने और व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय विकास में साक्षरता के महत्व तथा जन जागरूकता बढ़ाने का एक मंच है।

साक्षरता लोगों के लिए व्यापक ज्ञान, कौशल, मूल्य, दृष्टिकोण और व्यवहार अर्जित करने का एक आधार है, जिससे समानता और गैर-भेदभाव, कानून के शासन, एकजुटता, न्याय, विविधता और सहिष्णुता के सम्मान पर आधारित स्थायी शांति की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और स्वयं, दूसरों और पृथ्वी के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनते हैं।

आपसी समझ, सामाजिक एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए साक्षरता की परिवर्तनकारी क्षमता का दोहन करना अत्यंत आवश्यक है। आज की दुनिया में, जहाँ बहुभाषावाद कई लोगों के लिए एक आम बात है, साक्षरता विकास और शिक्षा के लिए प्रथम भाषा-आधारित, बहुभाषी दृष्टिकोण अपनाकर लोगों को सशक्त बनाना, इसके संज्ञानात्मक, शैक्षणिक और सामाजिक-आर्थिक लाभों के लिए विशेष रूप से प्रभावी है। ऐसा दृष्टिकोण आपसी समझ और सम्मान को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामुदायिक पहचान और सामूहिक इतिहास को भी मजबूत कर सकता है।

साक्षरता न केवल लोगों को बेहतर जीवन जीने में मदद करती है बल्कि ग़रीबी मिटाने , जनसंख्या को नियंत्रित करने, बाल मृत्यु दर को कम करने आदि में भी मदद करती है. लोगों को साक्षर होने और सामाजिक और मानव विकास के अपने अधिकारों को जानने की जरूरत के बारे में जागरूक करने के लिए यह दिन मनाया जाता है. यह दिन लोगों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है. यूनेस्को इस दिन लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में कई कार्यक्रम आयोजित करता है. मानव विकास और समाज के लिए उनके अधिकारों को जानने और साक्षरता की ओर मानव चेतना को बढ़ावा देने के लिए विश्व साक्षरता दिवस मनाया जाता है। व्याख्याता यशपाल सिंह साहू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने के लिए 1965 में ईरान के तेहरान में आयोजित निरक्षरता उन्मूलन पर शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन में विचार किया गया। इस सम्मेलन ने वैश्विक स्तर पर साक्षरता को बढ़ावा देने के विचार को जन्म दिया। इसके बाद, यूनेस्को ने 1966 में अपने 14वें आम सम्मेलन के दौरान आधिकारिक तौर पर 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया।एक साल बाद, 8 सितंबर, 1967 को, दुनिया ने पहली बार इस खास दिन को मनाया, जिसने एक महत्वपूर्ण वैश्विक पालन की शुरुआत की। तब से लेकर अब तक हर साल नीति निर्माताओं, चिकित्सकों और जनता को अधिक साक्षर, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाज बनाने के लिए साक्षरता के महत्व की याद दिलाने के लिए हर साल 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है।

वार्ड पार्षद की सक्रियता से सांड को पकड़कर सुरक्षित शहर के बाहर छोड़ा गया

भाटापारा/नवप्रदेश। संजय वार्ड के पूर्व पार्षद के भाई को पटकने और लोगो को दौड़ने वाले सांड को आखिरकार पालिका की टीम ने पकड़कर सुरक्षित शहर के बाहर दूरस्थ क्षेत्र में छोड़ दिया।वार्ड पार्षद की सक्रियता और पालिका अध्यक्ष के निर्देश पर हुई इस कार्यवाही पर संजय वार्ड के लोगों ने राहत ली है।

विदित हो कि उक्त सांड ने संजय वार्ड के सोनी पारा बढ़ाई पारा में बीती रात वार्ड के पूर्व पार्षद प्रमेंद्र तिवारी के छोटे भाई को उठाकर ना केवल पटक दिया था बल्कि उसको और अन्य आने जाने वालों को भी दौड़ाकर मारने पर उतारू था। संजय वार्ड वासियों से मिली जानकारी अनुसार पूर्व पार्षद प्रमेंद्र तिवारी का भाई रात में लघु शंका के लिए जा रहा था,और जब वो उक्त सांड को क्रॉस कर आगे बढ़ गया तभी सांड ने अचानक

पीछे से वार कर उसे उठाकर पटक दिया।अचानक हुई उक्त घटना से पूर्व पार्षद का भाई वही गिर गया जिससे उसके सिर पर गहरा घाव आ गया और वो लहू लोहान हो गया ,इतना ही नहीं जब वह उठाकर भागने की कोशिश किया तब फिर सांड ने उसे जमकर दौड़ाया। इस घटना की जानकारी वार्ड पार्षद श्रेणिक गोलछा को हुई तब उन्होंने तत्काल पालिका अध्यक्ष को वार्ड में घटित घटना की जानकारी दी और अश्वनी शर्मा के निर्देश के बाद पकड़कर सुरक्षित रूप से उसे बाहर सुरक्षित क्षेत्र में छोड़ा जिससे वार्ड के लोगों ने राहत की सांस ली।

गढ़कलेवा का अनुबंध लेने कई महिला स्वसहायता समूह तथा रसूखदार हुए सक्रिय

- राजभाषा एवं संस्कृति विभाग ने निकाला दुबारा रूचि की अभिव्यक्ति के तहत टैंडर
- प्रपत्र जमा करने की तिथि 15 सितंबर से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के खान पान गढ़कलेवा का अनुबंध लेने के लिए इस समय रसूखदारों में होड़ मची हुई है जिसके चलते संस्कृति एवं राजभाषा को दुबारा टेंडर बुलाना प ड़ रहा है। यह गढ़कलेवा राजधानी के मध्य महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में स्थित है जिसके कारण इस समय इसका अनुबंध लेने के लिए कई महत्वाकांक्षी नेता एवं रखूदार एवं ठेकेदार ने अनुबंध लेने के लिए प्रयासरत है।

संस्कृति एवं राजभाषा विभाग के संचालक द्वारा जारी सूचना के अनुसार रूचि की अभिव्यक्ति के लिए महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर में गढ़कलेवा के अनुबंध हेतु प्रपत्र आमंत्रित किये गये है। यह प्रपत्र संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा विभाग के कार्यालय द्वितीय तल सेक्टर 7 नवा रायपुर अटल नगर में प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु विभाग के वेबसाइट में जानकारी उपलब्ध है। इच्छुक संस्था अथवा ठेकेदार को इसके लिए 500 नगद का प्रपत्र देना पड़ेगा। इस माध्यम से संस्था अथवा कोई भी खान पान संचालन करने वाला ठेकेदार इसे भर सकता है।

राजधानी के मध्य स्थित गढ़कलेवा में चीला, फरा, ठेठरी, खुर्मी, सहित अनेक छत्तीसगढ़ी व्यंजन मिलते हैं।

वहीं छग के पापरंपिक खाना कांस की थाली में दिया जाता है जो कि अब व्यावसायिक रूप से सफल रहा है। इसके पूर्व में इसका ठेका महिला स्वसहायता समूह को दिया गया था। इच्छुक संस्था गढ़कलेवा संचालन हेतु अंकित लिफाफे में अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त कर सकते हैं। इस ठेके में कोई भी संशोधन होने की जानकारी वेबसाइट पर दी जाएगी तथा समाचार पत्र में यह जानकारी नहीं दी जाएगी।

दुबारा ईओआई बुलाने पर संदेह के बादल

संस्कृति एवं राजभाषा विभाग द्वारा महंत घासीदास स्मारक संचालनायल द्वारा गढ़कलेवा के रूचि की अभिव्यक्ति के तहत अनुबंध आमंत्रित किये जाने को लेकर पूरी कार्रवाई संशय की दायरे में आ गई है। संचालक द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इसके तहत 15 सितंबर को शाम पांच बजे तक आवेदन जमा किये जा सकेंगे। जमा करने की अंतिम तिथि 25 सितंबर होगी। यह प्रपत्र तकनीकी प्रस्ताव के आधार पर 29 सितंबर को दोपहर दो बजे तथा वित्तीय प्रस्ताव खोलने की तिथि 3 अक्टूबर होगी।

राजधानी के डंगनिया सहित अन्य स्थलों पर यह ठेका लेने के लिए कई महिला स्वसहायता समूह सक्रिय है। देखना है कि इसे अनुबंध प्राप्त होता है।

ईद मिलादुन्नबी पर निकला राजधानी में जुलूस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में आज ईद मिलादुन्नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा एक भव्य जुलूस निकाला गया जो कि विभिन्न मार्गो से होते हुए सीरत मैदान बैजनाथ पारा पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार आज राजधानी में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मालवीय रोड जीई रोड तथा सदर बाजार से एक जुलूस निकला इस अवसर पर मुस्लिम समाज के विभिन्न संगठनों ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत पुष्पवर्षा से किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई दी है।

13 जिलों के 200 से ज्यादा खिलाड़ी साध रहे निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। 24वीं राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में 13 जिलों के 200 से ज्यादा सब जूनियर, जूनियर और सीनियर महिला-पुरुष निशानेबाज पदक जीतने के लिए निशाना लगा रहे हैं। माना स्थित चौथी बटालियन शूटिंग रेंज में आयोजित यह प्रतियोगिता 6 सितंबर तक चलेगी। इसमें 50मीटर, 25मीटर और 10मीटर की रायफल शूटिंग के अलावा पिस्टल की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। जिंदल स्टील समूह के सहयोग से यह स्पर्धा आयोजित की जा रही है। महिलाओं के लिए अलग से मुकाबले आयोजित किए जा रहा हैं। इस स्पर्धा को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के नियमानुसार आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन ईस्ट जोनल शूटिंग स्पर्धा और राष्ट्रीय पीवी मावलंकर शूटिंग प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

जल संसाधन सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा के रिजल्ट जारी किए गए

रायपुर/नवप्रदेश। जल संसाधन सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा के नतीजे जारी हो गए हैं। व्यापमं से यह परीक्षा 20 जुलाई को परीक्षा आयोजित की गई थी। सिविल के टॉपर ने 100 में से 80.250 का स्कोर हासिल किया है, जबकि इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल के टॉपर को 83 अंक मिला है। इसी तरह इस परीक्षा में भी पूछे गए 3 प्रश्न विलोपित किए गए, जबकि एक प्रश्न का एक से अधिक उत्तर मान्य किया गया। इससे पहले व्यापमं से एडीईओ भर्ती परीक्षा में 12 प्रश्न विलोपित किए गए थे। इसे लेकर अभ्यर्थियों में नाराजगी थी। इधर, जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ में यह भर्ती 105 सिविल और 16 विद्युत / यांत्रिकी सब इंजीनियरों के लिए हो रही है। सिविल की परीक्षा में 11121 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की प्राप्तांक सहित कंबाइंड मेरिट लिस्ट जारी की गई है। इसी तरह इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल की परीक्षा में 4694 परीक्षार्थी थे। इनकी भी प्राप्तांक सहित कंबाइंड मेरिट लिस्ट जारी की गई है।

प्रोफेसर भर्ती के लिए 5 को होने वाला दस्तावेज सत्यापन अब 12 सितंबर को

रायपुर/नवप्रदेश। प्रोफेसर भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। 5 सितंबर को वाणिज्य एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय के लिए सत्यापन होना था, लेकिन इस दिन इंद मिलादुन्नबी का अवकाश होने की वजाह से इसे स्थगित किया गया है। अब यह सत्यापन 12 सितंबर को होगा। इस संबंध में सीजीपीएससी से सूचना जारी की गई है। सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, वाणिज्य एवं राजनीति विज्ञान विषय में प्रोफेसर भतों के लिए दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 19 अगस्त से शुरू है। यह 22 सितंबर तक होगा। इन पांच विषयों में कुल 137 पद हैं। इन विषयों के लिए 402 उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी सीजीपीएससी की वेबसाइट पर जारी की गई है।

प्रदेश के 7 जिलों में बनाएंगे नए फायर स्टेशन, 8.21 करोड़ करेंगे खर्च

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। मंत्रालय से स्वीकृति मिलने के बाद अब सात जिलों में आधुनिक फायर स्टेशन भवनों का निर्माण कराया जाएगा। एक भवन की लागत 1 करोड़ 17 लाख रुपये आंकी गई है, जबकि सभी सातों भवनों पर कुल मिलाकर लगभग 8 करोड़ 21 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए विभाग ने उपयुक्त स्थानों का चिह्नीकरण भी पूरा कर लिया है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार जिन जिलों में फायर स्टेशन भवन बनेंगे उनमें महासमुंद, धमतरी, जशपुर, कोरिया, ककिर, दंतेवाड़ा और बलौद शामिल हैं। इन जिलों में अब तक अग्निशमन विभाग अस्थायी भवनों से ही कार्य कर रहा था। इस कारण आगजनी या आपदा की स्थिति में राहत कार्य में विलंब होता था और संसाधनों की कमी भी महसूस की जाती थी।नए फायर स्टेशन बनने से इन जिलों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आगजनी, प्राकृतिक आपदा जैसी घटनाओं में तत्काल राहत और बचाव कार्य संभव हो सकेगा। प्रत्येक स्टेशन पर आधुनिक अग्निशमन उपकरण, दमकल वाहन और प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश में तेजी से हो रहे शहरीकरण और औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार को देखते हुए फायर सेफ्टी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक था।

डीएपी एनपीके का संकट गहराया मार्कफेड शीघ्र खरीदेगा खाद

मार्कफेड ने वर्ष 25-26 के लिए जारी किया टैंडर

- किसान यूरिया एवं डीएपी के लिए भटक रहे

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में यूरिया तथा डीएपी खाद की कमी को दूर करने के लिए मार्कफेड ने ई निविदा टेंडर पुनः आमंत्रित किया है। जिसके चलते अब किसानों को यूरिया के संकट से नहीं जूझना पड़ेगा।

मार्कफेड द्वारा प्रतिवर्ष किसानों को 14 लाख टन से अधिक रसायनिक उर्वरक उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन इस वर्ष यूरिया की कमी होने के कारण तरल नैनों यूरिया प्रदान किया गया। यह 12 सौ से लेकर 13 सौ रुपये में लिक्विड रूप में मिलता है। किसानों को रोपाई एवं बियासी के पहले इसका उपयोग करना जरूरी होता है लेकिन यूक्रेन सहित अन्य स्थानों पर चल रहे युद्ध के कारण इसकी आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु रसायनिक उर्वरक के लिए एक ई टेंडर जारी किया गया है। जिसके तहत एनपीके 12, 32, 16, एनपीके 20, 20 13 दानेदार जिंक एसएसपी पाउडर क्रय किया जाएगा। इसके लिए मार्कफेड में आज से लेकर 4 अक्टूबर तक टेंडर आमंत्रित किये जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा यूरिया का अतिरिक्त आबंटन कर दिया गया है जिसके कारण अब यूरिया की समस्या नहीं है लेकिन कांग्रेस के लोग इसको लेकर हो हल्ला मचा रहे हैं। मार्क फेड के उपप्रबंधक के अनुसार मार्कफेड के वेबसाइट में निविदा शर्तों का अवलोकन किया जा सकता है। टैंडर के लिए गाइड लाइन भी उपलब्ध है। राज्य में इस समय यूरिया के अलावा एनपीके का भी शार्टेज हो गया है। ज्ञात रहे डीएपी खाद का निर्माण इफको द्वारा किया जाता है। वहीं इसके लिए कच्चा माल विदेशों से आमंत्रित किये जाते हैं। पिछले दो वर्षों से यहां पर शार्टेज होने के कारण किसान परेशान है।

गजानन के साथ हरि और हर की वंदना... देवी जोगवा पर झूमीं महिलाएं

- महाराष्ट्र मंडल के आठ महिला केंद्रों ने दी मराठी भजनों की सुमधुर प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। 'अशी चिक मोत्याची माळ, होती ग तीस तोळ्याची गज.', 'जय जय हे ओंकारा, ओम जय शिव ओंकारा...', 'आज गोकुळात रंग खेळतो हरी, राधिके, जरा जपून जा तुझ्या घरी...' जैसे मराठी भजनों के साथ जहां एक ओर महिलाओं ने प्रथम पूज्य गजानन के साथ हरि यानी भगवान विष्णु और हर यानी भोलेनाथ के भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं दूसरी ओर देवी की स्तुति कर जोगवा गाया। देवी जोगवा में महिलाएं झूम उठीं। वसर था महाराष्ट्र मंडल में आयोजित शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव में नौंवे दिन महिला केंद्रों की भजन प्रस्तुति का। मंडल की डंगनिया, सिविल लाइन, तात्यापारा, बूढ़ापारा, सुंदर नगर, चौबे कालोनी, कोटा और सरोना केंद्रों की महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर विशेष रूप से महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले और उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले, दिव?या पात्रीकर उपस्थित रहीं।

जल जीवन मिशन : कार्य में लापरवाही पर दस ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

- भार साधक मंत्री अरूण साव ने दोषियों पर की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पर कलेक्टर तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष श्री हरिस एस. ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने विगत 2 सितम्बर को हुई जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में कार्यों में लापरवाही पाए जाने और अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर दस ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। उन्होंने बैठक में कहा कि मिशन मोड में संचालित इस योजना के तहत सभी ठेकेदारों को अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ठेकेदार या एजेंसी आगे भी लापरवाही बरतेगी या प्रगति में सुधार नहीं करेगी, तो उनके खिलाफ और सख्त कदम उठाए जाएंगे, जिसमें ब्लैक लिस्ट करने के साथ ही वास्तविक प्रगति का मूल्यांकन और ठोस कार्रवाई शामिल होगी। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि जल जीवन मिशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक के दौरान यह पाया गया कि ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों ने नोटिस जारी करने के बावजूद कार्यों में कोई प्रगति नहीं दिखाई। इन ठेकेदारों को 16 गांवों के टेंडर सौंपे गए थे, लेकिन उन्होंने कार्य शुरू नहीं किया या अधर में छोड़ दिया। कार्यों में उदासीनता, समय पर काम पूर्ण नहीं करने और जल जीवन मिशन की भावना के विपरीत व्यवहार के कारण इन्हें ब्लैक लिस्ट किया गया। ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों में यादव कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, गणपति सेल्स जगदलपुर, व्हीआर कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, बीआर.इन्वायारा सॉल्यूशन भिलाई, बंशीलाल गंजीर भानपुरी, आरबी ड्रिलर्स केशकाल, छत्रपति कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, भारत इन्फ्रा केशकाल, किसान बोरवेल्स केशकाल एवं लखन सिंह रायपुर शामिल हैं। इन सभी की अमानत राशि भी राजसात की गई है।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

सीनियर विंग विद्यार्थियों के लिए प्रतिष्ठित 'विश्वविद्यालय मेले' का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राजकुमार कॉलेज ने अपनेकरियर काउंसलिंग विभागके अंतर्गत एक सफलविश्वविद्यालय मेलेका आयोजन किया, जिसका उद्देश्य कक्षा 12 के विद्यार्थियों के साथ-साथ कक्षा 9, 10 और 11 के विद्यार्थियों को विविध उच्च शिक्षा अवसरों और भविष्य के करियर विकल्पों की जानकारी देना और उन्हें सशक्त बनाना था।कार्यक्रम में विद्यालय केप्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह, उप-प्राचार्य श्री शिवेंद्र नाथ शाह देव, प्रधानाध्यापिका श्रीमती चितवन सिंह, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

इस मेले मेंभारत के 43 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयोंके साथ-साथ तीन अंतरराष्ट्रीय संस्थानों– स्विस होटल मैनेजमेंट स्कूल, मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ द अमेरिकाज़औरन्यूयॉर्क फिल्म एकेडमीने सक्रिय भागीदारी की। इन संस्थानों ने विद्यार्थियों के सामने शैक्षणिक कार्यक्रमों, करियर विकल्पों और वैश्विक अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों ने सीधे विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्तियों और कैम्पस जीवन से संबंधित मूल्यवान जानकारियाँ साझा कीं। यह मेला विद्यार्थियों के लिए एकउपयोगी मंचसिद्ध हुआ, जहाँ उन्हें अपने उच्च शिक्षा संबंधी निर्णय आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ लेने में सहायता मिली।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स दिन के हाई से 750 अंक गिरकर बंद, निवेशकों के 1.5 लाख करोड़ डूबे

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र शुरूआत में हरे निशान में रहा। दिन के अंत में सेंसेक्स 150.30 अंक या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,718.01 और निफ्टी 19.25 अंक या 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,734.30 पर बंद हुआ। तेजी का नेतृत्व ऑटो शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो (0.85 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंस सर्विसेज (0.47 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.24 प्रतिशत) और निफ्टी कंजप्शन (0.50 प्रतिशत) की तेजी के साथ बंद हुआ।

जीएसटी में कटौती से दोपहिया वाहनों की मांग में 200 और यात्री वाहनों की मांग में 100 आधार अंक की वृद्धि की उम्मीद : रिपोर्ट

नई जीएसटी दरों से ऑटोमोबाइल सेक्टर को मिलेगा बढ़ावा, कीमतों में आएगी गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू ऑटोमोबाइल उद्योग के कुल कारोबार में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले दोपहिया और यात्री वाहनों (पीवी) की मांग में क्रमशः 200 आधार अंक (बीपीएस) और 100 आधार अंक की वृद्धि होने की उम्मीद है।

यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। इसके परिणामस्वरूप, इस वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 5-6 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि पीवी की बिक्री में 2-3 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, वस्तु एवं सेवा कर परिषद का 22 सितंबर से प्रभावी 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-दर संरचना अपनाने का निर्णय एक सही समय पर उठाया गया कदम है, जिससे ऑटोमोबाइल की मांग में फिर से तेजी आएगी। मांग में सुधार के अलावा,

सरलीकृत स्लैब अनुपालन को भी सुव्यवस्थित करेंगे और सुगम अंतरराज्यीय कराधान के माध्यम से लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगे, जिससे वैल्यू चेन में लाभप्रदता को बढ़ावा मिलेगा। क्रिसिल रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर अनुज सेठी ने कहा, जीएसटी कटौती का पूरा लाभ मिलने से वाहनों की कीमतों में 5-10 प्रतिशत (छोटे पीवी पर 30,000-60,000 रुपए; दोपहिया वाहनों पर 3,000-7,000 रुपए) की गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि और त्योहारी सीजन के साथ दरों में कटौती होने से, मार्केट सेंटीमेंट को समय रहते बढ़ावा मिलेगा। नए लॉन्च, कम ब्याज दरों और बेहतर अफोर्डिबिलिटी के साथ, इससे ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए दूसरी छमाही में मजबूती आनी चाहिए।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एल.आई.जी.-72/862 द्वितीय तल में श्रीमती सपना दुबे पति श्री अशोक दुबे को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 15.12.2023 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 09.05.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्री पंकज कुमार मिश्रा पिता श्री अशोक कुमार मिश्रा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एल.आई.जी.-56/667 प्रथम तल में श्रीमती सरिता गौतम पति स्व. श्री देव सिंह गौतम को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 21.09.2006 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 01.09.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन 1. श्री लक्ष्मीकांत बराल पिता श्री बंशीधर बराल 2. श्रीमती मधुमिता चंद पति श्री लक्ष्मीकांत बराल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर, रायपुर

अर्जेंटीना-वेनेजुएला मुकाबले से पहले रो पड़े लियोनल मेसी

खेल डेस्क। मेसी ने अपने संन्यास को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई एलान नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि वेनेजुएला के खिलाफ मुकाबला उनका घरेलू मैदान पर आखिरी मैच हो सकता है।फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया, लेकिन मुकाबले से पहले का नजारा हर किसी को भावुक कर गया। लियोनेल मेसी अपनी ही जमीन पर शायद आखिरी बार खेल रहे थे। 80 हजार दर्शकों से भरे ब्यूनस आयर्स के मोन्यूमेंटल स्टेडियम में मेसी की आंखों से आंसू छलक पड़े। लियोनेल मेसी ने दो गोल दागे, जबकि लाउटारो मार्टिनेज ने भी गोल करते हुए अपना खाता बढ़ाया। इसकी बदौलत अर्जेंटीना की टीम 3-0 से जीत हासिल करने में कामयाब रही। मेसी ने अपने संन्यास को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई एलान नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि वेनेजुएला के खिलाफ मुकाबला उनका घरेलू मैदान पर आखिरी मैच हो सकता है।

एक दशक बाद यूएस ओपन देखने पहुंचेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रविवार को यूएस ओपन पुरुष एकल फाइनल में शिरकत करेंगे। व्हाइट हाउस ने गुरुवार देर रात इस यात्रा की आधिकारिक पुष्टि की। ट्रंप रविवार दोपहर क्वीन्स, न्यूयॉर्क जाएंगे और मैच खत्म होते ही वॉशिंगटन लौट आएंगे।

जीएसटी सुधार 2030 तक देश को 350 अरब डॉलर की कपड़ा अर्थव्यवस्था बनाने में होंगे मददगार : केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के अनुसार, नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधार भारत के कपड़ा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक छलांग हैं, जो 2030 तक देश को 350 अरब डॉलर की कपड़ा अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में उत्प्रेरक का काम करेंगे। कपड़ा मंत्रालय ने इन सुधारों को लागू करने के लिए उद्योग के हितधारकों, निर्यातकों, कारीगरों और उद्यमियों के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

